दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 174
कोटद्वार रविवार
23 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## भूस्खलन : मकान पर गिरे बोल्डर, परिवार के 4 लोगों की मौत, 1 गंभीर

**चमोली :** चमोली जिले के थराली तहसील के राजस्व क्षेत्र पैनगढ़ गांव में शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे भूस्खलन होने से पहाड़ी से आये भारी बोल्डर से एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे मकान के अंदर सो रहे एक ही परिवार के पांच लोगों में से चार की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य चार आवासीय मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये।



थराली थाने के उप निरीक्षक सुनीत बंदुनी ने बताया की शुक्रवार की रात्रि और शनिवार के तड़के सूचना मिली कि राजस्व क्षेत्र पैनगढ़ में भूस्खलन के कारण एक भवन क्षतिग्रस्त हो गया है। जहां पर कुछ लोग दबे हुए है। जिसकी सूचना पर थाना थराली से उप निरीक्षक सुमित बंदुनी मय पुलिस बल, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम आपदा उपकरणों के साथ घटनास्थल रवाना हुये। घटनास्थल पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ बचाव राहत कार्य शुरू किया गया। करीब पांच घंटे की कड़ी मशकत के बाद सभी दबे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें से मकान के अंदर सो रहे बचुली देवी पत्नी माल दत्त निवासी पेनगढ़ तहसील थराली जनपद चमोली उम्र 75 वर्ष, देवानंद पुत्र माल दत्त उम्र 57 वर्ष, घनानंद पुत्र माल दत्त उम्र 45 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उपचार के लिए कर्णप्रयाग भेजे गए घायल सुनीता देवी पत्नी घनानंद निवासी उपरोक्त उम्र 37 वर्ष की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है, वहीं योगेश पुत्र घनानंद निवासी उम्र 15 वर्ष को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सभी मृतकों का पंचायत नामा की कार्रवाई राजस्व पुलिस की ओर से की जा रही है। **(एजेन्सी)**

## पीएम को भेंट की पहाड़ी टोपी व बाल मिठाई



**पीएम मोदी को पहाड़ी टोपी व बाल मिठाई भेंट करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी।**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे के पश्चात शनिवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौली ग्रांट एयरपोर्ट देहरादून में प्रधानमंत्री को विदाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को अल्मोड़ा के प्रसिद्ध बाल मिठाई एवं ब्रह्मकमल से सुसज्जित टोपी भेंट की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु भूषण खंडूरी, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य आदि मौजूद थे।

## रंगदारी मामले में जैकलीन को राहत, अंतरिम सुरक्षा 10 नवंबर तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । दिल्ली की एक अदालत ने करोड़पति ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की रंगदारी के मामले में बलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीज को मिली अंतरिम राहत की अवधि बढ़ा दी है। चूंकि उनकी जमानत आज खत्म हो रही थी, इसलिए वह सुनवाई के लिए पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। अदालत ने फर्नाडीज को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 10 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया। अदालत 10 नवंबर को नियमित जमानत याचिका पर दलीलें सुनेगी और दस्तावेजों की जांच भी की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में अपना दूसरा आरोप पत्र दायर किया था जिसमें फर्नाडीज को एक आरोपी के रूप में नामित किया गया है। फर्नाडीज और एक अन्य बलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने मामले में गवाह के रूप में अपने बयान दर्ज किए थे। इससे पहले ईडी ने फर्नाडीज की 72 करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि कुर्क की थी। ईडी ने इन उपहारों और संपत्तियों को अभिनेत्रियों द्वारा प्राप्त अपराध की आय करार दिया।

## नौकरियों पर सीएम नीतीश की नकल कर रहे हैं पीएम मोदी: तेजस्वी यादव

**पटना ,एजेंसी** । बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने नौकरी के वादे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल करने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- हम कहते रहे हैं कि बिहार मडल का पालन देश की अन्य सरकारें करेंगी और मुझे पता चला है कि केंद्र 75,000 युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर बांटने जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल कर रहे हैं जो बड़ी संख्या में सफल उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग लेटर बांट रहे हैं।

## पटना में गंगा के जलस्तर में आई कमी, तैयार होने लगे छठ घाट

**पटना ,एजेंसी** । छठ महापर्व को लेकर गंगा घाटों को तैयार करने का काम तेज हो गया है। गंगा के जलस्तर में कमी के बाद कई कच्चे घाटों की स्थिति सुधारने में भी जिला प्रशासन जुटा है। पटना के एक अधिकारी बताते हैं कि गंगा के जलस्तर में कमी आई है, लेकिन कच्चे घाटों पर दलदल की स्थिति बनी हुई है। बांसघाट और कलेक्ट्रेट घाट पर अब भी पानी जमा है।

लोक आस्था के इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर पक्के घाटों की सीढियों पर जमी मिट्टी हटाई जा रही है।

## सीएम ने विधायकों के प्रस्तावों के निस्तारण हेतु दो नोडल अधिकारी नामित किये

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विकास में दलीय सीमा से ऊपर उठकर पुनः एक कदम और बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने समस्त विधायकों के सचिवालय स्तर पर प्रेषित प्रस्तावों के निस्तारण में सहयोग हेतु दो आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। दोनों ही नोडल अधिकारियों का दायित्व होगा कि अपने-अपने मण्डल से सम्बन्धित विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से समन्वय करते हुए विधायकों को वस्तुस्थिति से अवगत करायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि विधायकों को अपने क्षेत्र में निरन्तर क्षेत्र भ्रमण करने की आवश्यकता होती है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने वाली जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और क्षेत्र के विकास से सम्बन्धित योजनाओं के प्रस्तावों पर सचिवालय स्तर पर सम्बन्धित विभागों से चर्चा, विमर्श आदि के लिए बार-बार विधायकों को देहरादून भी आना पड़ता है। बार-बार देहरादून आने से जहां एक ओर विधायकों का जनसम्पर्क एवं क्षेत्र भ्रमण का कार्य प्रभावित होता है, वहीं दूसरी ओर राजकीय समय व संसाधनों का भी व्यय होता है।

मुख्यमंत्री ने इस समस्या का समाधान करने के प्रयास में विधायकों के द्वारा समय-समय पर उठाये गये विषय या विकास योजनाओं की प्राशासनिक / वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण में सहयोग एवं समन्वय हेतु अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव स्तर के दो अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। कुमाऊं मण्डल के विधायकों के सहयोग हेतु नवनीत पाण्डे व गढ़वाल मण्डल के विधायकों के सहयोग हेतु ललित मोहन रयाल अपर सचिव मुख्यमंत्री को उक्त दायित्व सौंपा है। बतातें चले कि मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा कुछ दिन पूर्व ही समस्त विधायकों से दलीय सीमा से ऊ्रपर उठकर राज्य के विकास हेतु 10-10 विकास योजनाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है और अब पुनः समस्त विधायकों को सचिवालय स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों के तत्परता से यथोचित निस्तारण में सहयोग हेतु दो आईएएस अधिकारियों को इस प्रकार की जिम्मेदारी दिया जाना उत्तराखण्ड के विकास में सबको साथ लेकर चलने का एक और अभिनव प्रयास है।

## मन तो गांव में दीपावली मनाने का था: कोश्यारी

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि दिवाली अपने पैतृक गांव में मनाने का उनका बहुत मन था, इसके लिए उन्होंने कुमाऊं में अपने कार्यक्रम भी लगाए थे। लेकिन अन्य कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक व्यस्तता के चलते वे इस बार पैतृक गांव नहीं जा पा रहे हैं, इसका उन्हें बहुत मलाल है।

कुमाऊं में ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी, नैनीताल और अल्मोड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद राज्यपाल कोश्यारी शनिवार दोपहर अल्मोड़ा से ही देहरादून लौट गए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को दिवाली के त्योहार की बधाई दी और जल्द दोबारा आने का वादा भी किया। उन्होंने सभी लोगों को दिवाली के त्योहार की बधाई दी। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने भी सभी को दिवाली के त्योहार की बधाई दी है।

### बिहार में सरकारी नौकरियों के मसले पर सुशील मोदी ने पूछे तल्ख सवाल

## संविदा वालों को कब स्थायी करोगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सरकारी नौकरियों के मसले पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार के समय जिन नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, उन्हीं के नियुक्ति पत्र बांट कर नीतीश कुमार युवाओं को धोखा दे रहे हैं। सरकार नई नौकरियां देने के मसले पर युवाओं को ठग रही है।

सुशील मोदी ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। मोदी ने कहा कि अब तक कैबिनेट की दो दर्जन से ज्यादा बैठकें हो चुकीं, लेकिन 10 लाख स्थायी नौकरी का कहीं अता-पता नहीं है। 45 लाख रिक्तपद भरने और 55 लाख नए पदों पर नौकरी देने की जो बात बार-बार प्रचारित की गई, उसका क्या हुआ? सरकार बताएं कि कितने रिक्तपद भरे गए और कितनी नई नियुक्तियां हुईं?

मोदी ने कहा कि महागठबंधन ने संविदा पर बहाली बंद करने और पहले से संविदा पर बहाल लोगों की नौकरी स्थायी करने का वादा किया था, जबकि किसी की नौकरी स्थायी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जब संविदा पर नियुक्ति नहीं करनी थी, तब अमीन और कानूनगो के पद पर 10 हजार लोगों को संविदा पर मात्र एक साल के लिए नियुक्त करने की प्रक्रिया कैसे शुरू की गई? एक साल बाद इनका क्या होगा?

## छड़ी यात्रा पहुंची बागनाथ धाम

**बागेश्वर।** पंचदशनाम अखाड़ा की पवित्र छड़ी यात्रा का बागेश्वर पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। छड़ी यात्रा हरिद्वार से निकली है। यात्रा का समापन एक नवंबर को माया देवी मंदिर हरिद्वार में होगा। छड़ी यात्रा का शुभारंभ 24 सितंबर को हरिद्वार के माया देवी मंदिर से मुख्य छड़ी महंत सभापति प्रेम गिरी महाराज के नेतृत्व में हुआ था। यात्रा चारधाम होकर शनिवार को कौसानी होते हुए बागेश्वर पहुंची। पहले कौसानी में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शाम को यात्रा का जिला मुख्यालय में ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। यात्रा सनातन धर्म की विशेषता को प्रकट करती है। यात्रा के दौरान साधु-संतों ने लोगों को सनातन धर्म की परिभाषा और विशेषताएं भी बताई। नगर भ्रमण के बाद यात्रियों ने गुरु दत्तात्रेय मंदिर में दर्शन पूजन किया। जिसके बाद यात्रा बागनाथ और कालभैरव मंदिर में पूजा अर्चना कर विश्व में सुख और शांति की कामना की गई। इस मौके पर जूना अखाड़ा के महंत शंकर गिरी महाराज, दीपक गिरी, पुष्कर राज गिरी, मनप्रीत गिरी आदि मौजूद थे।

## चुनाव से पहले अशोक गहलोत का मास्टर स्ट्रोक, 41 हजार शिक्षा कर्मी होंगे नियमित

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले सीएम अशोक गहलोत ने मास्टर स्ट्रोक खेला है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षा विभाग में कार्यरत 41 हजार 423 संविदाकर्मियों को नियमित करने का निर्णय लिया है। इनमें शिक्षा कर्मी, पैरा टीचर्स, ग्राम पंचायत सहायक, अंग्रेजी माध्यम अध्यापक सहित 41 हजार 423 संविदा कर्मी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के राजीविका व मनरेगा के कुल 18326, अल्पसंख्यक विभाग के 5697 पैरा टीचर्स, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व चिकित्सा विभाग के 44833 संविदा कर्मियों सहित कुल 1 लाख 10 हजार 279 संविदा कर्मी इन नियमों के लाभांवित होंगे।

राजस्थान 1 लाख 10 हजार संविदा कर्मियों को नियमित होंगे। सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल-2022 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रदेश के 1 लाख 10 हजार से अधिक संविदा कर्मियों को नियमों के दायरे में लाकर लाभांवित किया जाएगा।

## आबादी के बड़े हिस्से ने देश को रेवड़ी संस्कृति से मुक्त करने का लिया संकल्प: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आबादी के एक बड़े हिस्से ने देश को रेवड़ी संसति से मुक्त करने का संकल्प लिया है। मध्य प्रदेश में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 45 लाख से अधिक लाभार्थियों के गृह प्रवेश में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री का यह बयान सामने आया। पीएम मोदी ने पीएमएवाई-जी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं में करदाताओं के पैसे के सरकार के निवेश पर कहा कि करदाताओं को यह देखकर खुशी होगी कि उनका पैसा गरीबों पर खर्च किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा,जब मैं 4 लाख घर दे रहा हूं, तो हर करदाता सोचता होगा कि मध्य प्रदेश का कोई गरीब व्यक्ति भी मेरे अलावा नए घर की वजह से दिवाली मना रहा है। लेकिन जब वही करदाता देखता है कि मेरे पैसे से मुफ्त रेवड़ी बांटी जा रही है तो वह निराश हो जाता है। आज बहुत सारे करदाता मुझे पत्र लिख रहे हैं। मुझे खुशी है कि



देश के एक बड़े वर्ग ने देश को रेवड़ी संसति से मुक्त करने का संकल्प लिया है।

उन्होंने अतीत में कई बार रेवड़ी संसति का जिक्र किया है और कहा है कि यह देश के विकास के लिए बहुत खतरनाक है। प्रधानमंत्री ने आगे जोर देकर कहा कि लाभार्थियों को जो नए घर आवंटित किए गए हैं, वे गरीबी नहीं बढ़ने देंगे और थोड़ी सी गरीबी भी दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा, आपको जो घर मिला है वह न केवल रहने, खाने और सोने की जगह है, बल्कि यह एक ऐसा किला है जो गरीबी को नहीं घुसने देगा और बाकी गरीबी को भी दूर करेगा।

पिछली सरकारों और वर्तमान सरकार के बीच के अंतर का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों को बार-बार कार्यालयों का दौरा करना पड़ता था, लेकिन अब सरकार गरीबों तक पहुंच रही है। पीएम मोदी ने कहा, पहले और वर्तमान सरकारों के बीच अंतर है। पिछली सरकारें लोगों को परेशान करती थीं।

गरीबों को बार-बार कार्यालयों का दौरा करने के लिए मजबूर किया जाता था। हमारी सरकार गरीबों तक पहुंच रही है। सरकार एक अभियान चला रही है ताकि गरीब हर योजना से लाभान्वित रहें।

## केदारनाथ धाम के रक्षक भगवान भैरवनाथ के कपाट हुए बंद

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में रक्षक के रूप में भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद कर दिए गए। शनिवार को विधि-विधान और परम्परानुसार भैरवनाथ की पूजा आर्चना की गई और इसके बाद कपाट बंद किए गए। इस मौके पर पारम्परिक वाध्य यंत्रों के साथ ही शंख की ध्वनियां गूंज उठी।

मान्यतानुसार के केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले यहां पहाड़ी पर स्थित भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद किए जाते हैं। इसी परम्परा को लेकर शनिवार को भैरवनाथ के कपाट बंद किए गए।

मंदिर के मुख्य पुजारी टी गंगाधर लिंग, बीकेटीसी के



कार्याधिकारी आरसी तिवारी एवं तीर्थपुरोहितों की मौजूद्गी में भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद किए गए। सुबह भैरवनाथ की पहाड़ी पर नित्य पूजा की गई जबकि इसके बाद कपाट बंद होने को लेकर विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर के मुख्य पुजारी टी गंगाधर लिंग द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई जबकि सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर भगवान भैरवनाथ ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। बताते चलें कि आगामी 27 अक्तूबर भैया दूज के मौके पर भगवान केदारनाथ धाम के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इस दौरान भगवान शिव की समाधि पूजा की जाएगी।

## ग्रहण के दौरान बंद रहेंगे चार धाम के मंदिर : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सूर्य ग्रहण के दौरान चार धाम के मंदिर बंद रहेंगे। श्री महाराज ने कहा है कि कि सूर्य ग्रहण पर 25 अक्टूबर को 12 घंटे पहले सूतक प्रारंभ हो जायेगा। इसलिए प्रातः 4 बजकर 26 मिनट पर ग्रहण से ठीक पहले चार धाम मंदिर बंद हो जायेंगे। 25 अक्टूबर शाम 5 बजकर 32 मिनट तक ग्रहण काल रहेगा। इसलिए ग्रहणकाल तक चारों धाम सहित छोटे बड़े सभी मंदिर बंद रहेंगे।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज।

उन्होंने कहा कि ग्रहण समाप्ति पश्चात मंदिरों में साफ-सफाई कार्य, शांयकाल अभिषेक तथा शयन पूजा और आरती संपन्न होंगी। इस दौरान श्रद्धालुओं को दर्शनों की इजाजत नहीं होगी।

### हिमाचल प्रदेश चुनाव 2022

## उत्तराखंड की भी होगी हिस्सेदारी, 40 स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून।** हिमाचल विधान सभा चुनाव-2022 के लिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। उत्तराखंड से सिर्फ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को इस सूची में जगह मिल पाई है। हिमाचल विधानसभा के लिए 12 नवंबर को मतदान है। पार्टी के अधित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारक घोषित किए हैं।

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय



अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े नाम किए गए हैं।उत्तराखंड से सटा होने की वजह से माना जा रहा था कि भाजपा हाईकमान सांसदों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और कैबिनेट मंत्रियों को भी हिमाचल चुनाव प्रचार में झोकेगी।

लेकिन उत्तराखंड से सिर्फ सीएम धामी को ही जगह दी है। इससे साफ है हाईकमान के समक्ष धामी का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। धामी दिवाली के बाद अपने हिमाचल विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने कार्यक्रम तय कर सकते हैं। पार्टी हाईकमान ने उत्तराखंड भाजपा को पांच जिले सिरमौर, सोलन, शिमला, महासू और किन्नोर की जिम्मेदारी दी है।

इन जिलों में कुल 19 विधानसभा सीटें हैं। पिछले चुनाव में इन 19 सीटों में से भाजपा के खाते में सिर्फ सात सीटें आ पाई थी जबकि 12 कांग्रेस और एक सीपीआई को मिली थी।

# धनतेरस पर लोगों ने की जमकर खरीदारी



रुद्रप्रयाग : दीपावली को लेकर बाजारों में जर्बदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। जहां धनतेरस के दिन सुबह से लेकर सांय तक बाजार में लोग दुकानों पर खूब खरीददारी करते रहे वहीं दीपावली का सामान लेने के लिए भी लोग गांव–गांव से बाजारों को आए। व्यापारियों ने भी अच्छा खासा कारोबार किया।

मुख्यालय रुद्रप्रयाग से लेकर तिलवाड़ा, जखोली, मयाली, अगस्त्यमुनि, भीरी, चन्द्रापुरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग, गौरीकुंड और केदारनाथ में दीपावली को लेकर चहल-पहल देखी गई। लोगों ने जहां अपने घर, दुकान और प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया है वहीं बाजारों में उत्साह देखा गया। कोरानाकाल के बाद इस बार लोगों ने खुलकर खरीददारी की। एक ओर धनतेरस पर वर्तनों की दुकानों में भीड़ लगी रही वहीं पटाखे, मिठाई, सजावट वाली सामग्री की दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। मिठाई की दुकान में भी लोग सुबह से खरीददारी करते रहे। इधर, बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने मुख्यालय सहित सभी प्रमुख कस्बों में फायर सर्विस वाहन तैनात किया है ताकि किसी तरह की घटनाओं पर जल्द काबू किया जा सके। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने जिलेवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। (एजेन्सी)

## डीएम ने नकरौंदा में किया धान की फसल कटाई का निरीक्षण

देहरादून : जिलाधिकारी सोनिका ने शनिवार को तहसील सदर के राजस्व ग्राम नकरौंदा मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत धान के फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया। जिसमें 43.30 वर्ग मीटर के प्लॉट में प्रथम खेत के काश्तकार जगदीश छेत्री के खेत में उपज 24.87 किलोग्राम एवं द्वितीय खेत के काश्तकार आनंद सिंह के खेत में 18.64 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई फसल कटाई प्रयोगों का संपादन राजस्व निरीक्षक ज्योतेंद्र नेगी एवं राजस्व उप निरीक्षक मेजर सिंह द्वारा किया गया। इन आंकड़ों का उपयोग उत्पादन एवं उत्पादकता का अनुमान लगाने हेतु किया जाता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड, भू-लेख अधिकारी बहुगुणा, पूर्व प्रधान नकरौंदा बुद्धदेव सेमवाल, काश्तकार जगदीश छेत्री व आनंद सिंह उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

# छात्र–छात्राओं ने बनाई मनमोहक रंगोली



रुद्रप्रयाग : दीपावली पर अटल उत्कृष्ट राइंका ऊखीमठ में दीपोत्सव मनाया गया। शनिवार को अटल उत्कृष्ट राइंका ऊखीमठ मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मनमोहक रंगोली सजाई।

स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दीपावली एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर रंगोली बनाई।

रंगोली में भारत वर्ष की संस्कृति जैसे कई चित्रों का रंगोली के माध्यम से सजाया। जिसे लोगों के द्वारा काफी सराहा गया। इस रंगोली को यहां कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं के 54 बच्चों ने मिलकर रंगोली बनाई। इसी तरह स्कूल में कक्षा से 11 तक लगभग 130 बच्चों ने विभिन्न विभिन्न विषयों पर रंगोली बनाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य विष्णु प्रसाद किमोठी ने छात्रों की सराहना की। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के संयोजक कला अध्यापक दीपक नेगी को विद्यालय में इस तरह की अन्य गतिविधि कराने की आह्वान किया। ताकि छात्रों मे रचनात्मकता बढ़ती जाए। इस अवसर पर प्रवक्ता डीसी थपलियाल, भरत भंडारी, पवन भेतवाल, एमएल शाह, गौरव असवाल, गौरव सती, शक्ति सिंह आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

# चोरी की पांच बाईक समेत दो गिरफ्तार



हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाईकिल सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कई टीमों का गठन किया गया है। मुखबिरों की मदद भी ली जा रही है। मुखबिर की सूचना पर शिवालिक नगर तिराहे से दो लोगों को चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपियों गोविंद व अजय की निशानदेही पर सलेमपुर चौकी भाईचारा होटल से आगे नदी किनारे जंगल में छिपाकर रखी गयी चार मोटरसाईकिल बरामद की गयी।

## रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़

रुड़की। रोडवेज बस अड्डे पर दिनभर यात्रियों की खासी भीड़ रही। खासकर दिल्ली और देहरादून की बसों में काफी भीड़ रही। बताया गया कि दिल्ली और देहरादून की आईएसबीटी पर यात्रियों को कई घंटे तक बसें नहीं मिल पायी। इसका असर रुड़की में भी देखने को मिला। रुड़की में भी लंबे रूटों की बसों में भीड़ रही।

शनिवार को धनतेरस और अगले दिन रविवार के चलते बसों में काफी भीड़भाड़ रही। सुबह से ही लोगों ने अपने घर की ओर जाने का सिलसिला शुरू कर दिया। रुड़की से दिल्ली और देहरादून की बसें पूरी भरकर अपने रूट पर निकली। इसके अलावा लोकल रूट पर भी यात्रियों ने जमकर सफर किया।

# यूकेडी ने किया आउट सोर्स वन कर्मियों के समर्थन में प्रदर्शन



देहरादून : उत्तराखंड क्रांति दल ने राजाजी राष्ट्रीय पार्क के आउटसोर्स वन कर्मियों के समर्थन में मोहंड के चीला रेंज फॉरेस्ट चौकी में जाकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को अपना समर्थन पत्र भी सौंपा। गौरतलब है कि पिछले 8 माह से वेतन न मिलने और तथा ईएसआई का पैसा जमा ना होने को लेकर आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलनरत हैं। डाट काली मंदिर से कुछ दूर चल रहे इस प्रदर्शन में दल के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन कर रहे कर्मचारियों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने बताया कि इन कर्मचारियों को पिछले 8 माह से वेतन नहीं मिला है। इसके साथ ही पहले की दो आउटसोर्स एजेंसियों ने इनके खाते से पीएफ तथा ईएसआई के मद में कटौती तो की लेकिन पीएफ में जमा नहीं किया और काम छोड़ कर चली गई, इससे इन कर्मचारियों में आक्रोश है। केंद्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि इन कर्मचारियों को आउटसोर्स के बजाय उपनल से समायोजित करने के लिए यूकेडी अपने स्तर से पैरवी करेगा। यूकेडी जिला अध्यक्ष संजय डोभाल ने सरकार से मांग की कि पीएफ के मद में कर्मचारियों से काटी गई धनराशि का गबन किए जाने पर आउटसोर्स एजेंसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाना चाहिए। आंदोलनरत आउटसोर्स वन कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन में केंद्रीय प्रवक्ता अनुपम खत्री, उपाध्यक्ष उत्तरा बहुगुणा, जिला अध्यक्ष संजय डोभाल, संजीव भट्ट, मीना थपलियाल, प्रमोद डोभाल, राजेंद्र गुसांई, राजेश्वरी रावत, पंकज पोखरियाल, मंजू रावत, रचना थपलियाल, अनदीप नेगी आदि यूकेडी कार्यकर्ता शामिल थे। (एजेन्सी)

## एक नजर

### निहारिका के नाम कार तो जगदंबा माता की निकली स्कूटी

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी के रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय सैनिक दीपावली मेले का समापन हुआ। मेले के आखिरी दिन लकी ड्रा का पिटारा खोला गया। जिसमें ईनाम के तौर पर चमचमाती कार निहारिका भट्ट पुत्री राकेश भट्ट, निवासी उत्तरकाशी के नाम निकली। मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश चौहान और विशिष्ट अतिथि एसपी अर्पण यदुवंशी ने सभी प्रतिभागियों को ईनाम वितरित किए।

सैनिक दीपावली मेले में लकी ड्रा में कार के अलावा स्कूटी जगदंबा माता ग्राम कामर के नाम निकली। जबकि 30 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड अक्षित बडोनी, प्रदीप बडोनी निवासी जोशियाड़ा, 15 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड चतर सिंह रमोला ग्राम ओंगी मनेरी, 15 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड जान्हवी सूद निवासी चिन्यालीसौड़, एक किलो सिल्वर रामनारायण भट्ट आयुर्वेदिक हॉस्पिटल उत्तरकाशी, फ्रिज सरला बडोला गणेशपुर, मोबाइल टैबलेट भीम सिंह कंडियाल निवासी तिलोथ, वाशिंग मशीन जय गोलू, यशपाल पंवार जोशियाड़ा, एलसीडी टीवी मनमोहन सिंह रावत ग्राम बार्सु के नाम निकला।

इस मौके पर एसपी अर्पण यदुवंशी, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के संरक्षक मेजर आरएस जमनाल, अध्यक्ष सूबेदार मेजर वीरेंद्र नेगी, शंभू पंवार, जयानंद जोशी, लाखीराम नौटियाल, मदन मोहन भट्ट, बलवीर सिंह रावत, गोपेश्वर प्रसाद भट्ट आदि थे। (एजेन्सी)

### शोध छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव

ऋषिकेश। राष्ट्रीयस्तरीय शोधपत्र प्रतियोगिता में अव्वल रहे श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के तीन शोधवीरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शोधवीरों ने अपने शोध के अनुभव साझा किए। शनिवार को विवि परिसर ऋषिकेश के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. गुलशन कुमार ढींगड़ा ने बताया कि भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम की ओर से तीन महीने पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता कराई गई थी।

# नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने वृद्धा रेबू आमा को दिया दीपावली का तोहफा



हरिद्वार। उत्तराखंड के मीडियाकर्मियों की प्रमुख संस्था नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने लोहाघाट में दीपावली पर्व पर उपहार बांटकर एक गरीब वृद्धा के साथ दीपावली की खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। यूनियन के जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र राय के नेतृत्व में गोरखानगर, लोहाघाट की असहाय रेबू आमा को मिठाई और नकद धनराशि का तोहफा दिया। उपहार और धनराशि प्राप्त कर रेबू आमा की आंखें छलछला आई। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का यह सबसे सुखद पल है जब किसी ने इस गरीब की सुध लेकर उपहार दिए। जिलाध्यक्ष राय ने बताया कि संगठन के मौजूद सदस्यों ने आपस में धनराशि एकत्र कर आमा की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। बताते चलें कि रेबू आमा के पति का स्वर्गवास करीब 35 साल पहले हो गया था। इसके बाद उनके दो जवान बेटों की भी मौत हो गई। घर का सारा जिम्मा उनके सिर पर आ गया। एनयूजे ने उनका घर इस बार की दीपावली में रोशन किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री गिरीश बिष्ट, जिला महामंत्री नवल जोशी, उपाध्यक्ष गौरी शंकर पंत, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट मनोज राय, प्रचार मंत्री सुरेश गड़कोटी, प्रचार मंत्री प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

ऋषिकेश। ऋषिकेश स्थित विभिन्न विद्यालयों के एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने गंगा तटों पर साफ–सफाई कर लोगों को जागरूक किया। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ऋषिकेश परिक्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज, राइंका आईडीपीएल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास, हरिचंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग किया और स्वच्छता अभियान चलाया।

## देववन—खडंबा मोटर मार्ग पर एक माह से यातायात ठप

विकासनगर। देववन–खडंबा मोटर मार्ग बीते एक माह से बंद होने के कारण पर्यटक और स्थानीय लोग देववन नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके साथ ही वन निगम का बेशकीमती प्रकाष्ठ भी वहां फंसा हुआ है। स्थानीय लोग इस मार्ग पर जल्द यातायात बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

चकराता–त्यूणी मार्ग पर जंगलात चौकी के समीप से देवबन खडंबा मोटर मार्ग है, जिसकी देखभाल का जिम्मा वन निगम का है। बीते माह आई आपदा में यह मोटर मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त होने से बंद हो रखा है। जिसके चलते मार्ग पर यातायात बाधित हो रखा है। मार्ग बंद होने से चकराता आने वाले पर्यटक प्राकृतिक नजारों का दीदार करने के लिए देववन नहीं पहुंच पा रहे हैं। साथ ही इस मार्ग से आवागमन करने वाले स्थानीय ग्रामीण भी एक माह से पैदल आवागमन करने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें हर दिन परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसके साथ ही देववन में वन विभाग का बेशकीमती प्रकाष्ठ भी फंसा हुआ है। बर्फवारी होने के बाद लाखों की लागत को प्रकाष्ठ को निकालना वन निगम के लिए मुश्किल हो जाएगा। स्थानीय ग्रामीण बिट्टू चौहान, केशर सिंह, मेहर सिंह, शूरवीर ने बताया कि एक माह से मार्ग बंद होने से उनकी आर्थकी भी प्रभावित हो रही है। पर्यटकों के देववन, व्यास शिखर, मुंडाली नहीं पहुंचने से उनका रोजगार भी ठप हो गए हैं।

# 10 नवंबर से चालू किया जाए पेराई सत्र



ऋषिकेश। डोईवाला किसान सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने चीनी मिल के अधिशासी निदेशक से मुलाकात की।

उन्होंने 10 नवंबर से डोईवाला चीनी मिल का पेराई सत्र शुरु करने की मांग की। शनिवार को डोईवाला किसान सहकारी गन्ना विकास समिति के सदस्य चीनी मिल पहुंचे। वहां उन्होंने अधिशासी निदेशक डीपी सिंह से मुलाकात की। समिति चेयरमैन मनोज नौटियाल ने कहा कि इस बार गन्ना सप्लाई जल्द शुरू की जाए। समिति के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर पाल ने कहा कि डोईवाला गन्ना समिति चीनी मिल में पेराई क्षमता के अनुसार लगभग आधा गन्ना सप्लाई करती है। इसलिए समिति से आधा गन्ना की खरीद पहले दिन से ही हो जाए। मिल के अधिशासी निदेशक डीपी सिंह ने जल्द ही मिल को पेराई के लिए तैयार करने का आश्वासन दिया। मौके पर उमेद बोरा, सुरेंद्र सिंह राणा, गुरदीप सिंह, ताजेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, तेजिंदर सिंह, दलजीत सिंह, अरविंद पाल आदि उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

ऋषिकेश। ऋषिकेश स्थित विभिन्न विद्यालयों के एनएसएस स्वयंसेवियों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने गंगा तटों पर साफ–सफाई कर लोगों को जागरूक किया। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ऋषिकेश परिक्षेत्र के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज, राइंका आईडीपीएल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास, हरिचंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग किया और स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेवियों ने त्रिवेणी घाट और आसपास के क्षेत्र में साफ–सफाई की और लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि गंगा सभा ऋषिकेश के महामंत्री रामकृपाल गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में प्लास्टिक का प्रयोग इतनी अधिक मात्रा में होने लगा है, जिससे कैंसर जैसी भयंकर बीमारियां महामारी का रूप धारण करती जा रही है।

# चांदी सोने और हीरे के आभूषणों की हुई जमकर खरीदारी



रुड़की। रुड़की में कुछ लोगों ने शनिवार को धनतेरस मनाया। सोने–चांदी के साथ ही हीरे के आभूषणों की जमकर खरीदारी हुई। सालों से हर कोई अपने घरों को मिट्टी के दीये, मोमबत्ती और नॉर्मल रंग बिरंगे लड़ी और बल्ब से सजाता था।

अब जैसे–जैसे वक्त बदल रहा है, सजावट के साजो–सामान बदलने लगे हैं। घरों को रोशन करने के लिए अब लेजर और रंग–बिरंगे बल्ब का काफी चलन बढ़ गया है।

इलेक्ट्रिक कारोबारी सौरभ ने बताया कि अब हर कोई सुरक्षा और सावधानी के साथ घर को सजाने के लिए काफी सावधान हो गया है। तारों के जाल के बदले अब लेजर और विभिन्न प्रकार के बल्बों की रंगीन रोशनी से घरों को सजाना ज्यादा पसंद किया जा रहा है। हालांकि लड़ी भी बिक रही है।

**शहर के हर चौक चौराहे और गलियों में रहा जाम**

धनतेरस पर सुबह से शाम तक बाजारों में लोगों की भीड़ रही। इससे कई जगहों पर जाम लगता रहा। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना...

**जाम ने किया परेशान**

धनतेरस पर सुबह से शाम तक बाजारों में लोगों की भीड़ रही। इससे कई जगहों पर जाम लगता रहा। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शॉर्टकट के चक्कर में व्यवस्था और बिगड़ गई। दिनभर शहर के मुख्य बाजार जाम से हांफते रहे।

# डा.रमेश पोखरियाल निशंक, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहत रविन्द्रपुरी, विधायक रवि बहादुर ने दी पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं



हरिद्वार। प्रेस क्लब में धूमधाम से दीपोत्सव मनाया गया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित समारोह में पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरिद्वार सांसद डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकाश का विशेष स्थान है जो हमें सही मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के कमजोर वर्ग के जीवन में फैले अंधियारे को दूर करने का प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमें जीवन में नई उत्साह उमंग और सकारात्मक होने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने अंदर फैले उजाले के जरिए लोगों के मन मे बैठे नकारात्मक रूपी अंधेरे को दूर करने का प्रयास मिलकर करना होगा। भारतीय समाज व भारतीय संस्कृति विश्व को रास्ता दिखाने का कार्य करेगी। समारोह में मौजूद विशिष्ट अतिथि ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह सकारात्मक होकर हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहे है। जिसके मन में निराशा का भाव है। सबको मिलकर निराशा को बदलकर आशा की उम्मीदों के प्रति प्रेरित करने के लिए कार्य करना होगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि हमारी पुरातन संस्कृति हमेशा समाज और राष्ट्र को दिशा देने का कार्य करती है । उन्होंने सभी पत्रकारों के परिवारों को मां लक्ष्मी की अपार कृपा मिलने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के घर में सुख समृद्धि और शांति बनी रहे यही कामना है। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह को प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डा.शिवशंकर जयसवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर पीएस चौहान, पूर्व अध्यक्ष गुलशन नैयर, पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र हर्ष, पूर्व अध्यक्ष दीपक नौटियाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र नाथ गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष डा.रजनीकांत शुक्ला, एनयूजे के जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा तथा उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष व प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय आर्य ने भी संबोधित किया।

## धनतेरस पर खूब हुई खरीदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : धनतेरस पर्व पर पौड़ी में सुबह से ही बाजार सजे रहे। धनतेरस पर्व पर धातु खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शगुन के तौर पर सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे। धनतेरस पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आया। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। यातायात व्यवस्था को देखते हुए धारा रोड को भी वनवे किया गया था।

शनिवार को धनतेरस पर्व पर शहर के धारा रोड, अपर बाजार, लोअर बाजार में सुबह से ही बाजार सजे रहे। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। धनतेरस पर खरीदारी करने के लिए कोई अकेले आया तो कोई अपने परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए पहुंचा। ग्राहकों की अच्छी भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे। वहीं, स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से रामलीला मैदान पर पटाखों की दुकाने लगाई गई। यहां पर फायर बिग्रेड की देखरेख में पटाखों की बिक्री हो रही है।

# धनतेरस पर हुई धन की वर्षा, व्यापारियों के खिले चेहरे

## धनतेरस पर कोटद्वार बाजार में देर शाम तक होती रही खरीददारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दीपावली से पहले धनतेरस के मौके पर कोटद्वार बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे मंदी की मार झेल रहे व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। देर शाम तक बाजार में ग्राहकों की रौनक बनी रही। लोगों ने बर्तन, सोना, चांदी के साथ ही अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की। वहीं, बाजार में भीड़ को देखते हुए वाहनों को रूट भी डायवर्ट किया गया था।

शनिवार को सड़कों और बाजारों में बर्तन, लड़ियां, खील, बतासे, मिठाइयां और अन्य सजावटी सामान की दुकानें सज गईं थी। धनतेरस के अवसर पर सुबह से ही बर्तनों की दुकानों में भीड़ उमड़ी रही। लोगों को जब बड़ी दुकानों में पांव रखने की जगह नहीं मिली तो उन्होंने सड़क के किनारे लगी बर्तन की दुकानों से खरीदारी करने में ही भलाई समझी। व्यापारियों की ओर से अधिक सामान खरीदने पर ग्रहकों को आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे थे। वहीं शहर में पुलिस प्रशासन के सामने ही फड़ वालों ने झंडाचौक समेत शहर की सभी सड़कों पर दुकानें सजा दीं, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। धनतेरस से एक दिन पूर्व यातायात रूट डायवर्ट करने का भी यातायात पुलिस को काफी लाभ मिला। रूट डायवर्ट होने से बाजार में जाम की बहुत कम स्थिति देखने को मिली।

### खूब बिके मिट्टी के दीये

शनिवार को बाजार में मिट्टी के दीये की खूब बिक्री हुई। बाजार में जगह-जगह मिट्टी के दिए के स्टाल लगाए गए है। सुबह से ही स्टालों में भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने सजावटी सामग्री की भी खूब खरीददारी की। बिजली की मालाओं की भी अच्छी डिमांड रही। ग्राहकों की भीड़ से कोटद्वार बाजार खिल उड़ा। लोगों ने बर्तन इलेक्ट्रानिक उपकरण, सजावटी सामग्री, पोस्टर, कलैंडर आदी की खूब खरीदारी की।



कोटद्वार बाजार में धनतेरस पर बर्तनों की खरीददारी करती महिलाएं।



कोटद्वार बाजार में धनतेरस पर खरीददारी करने के लिए उमड़ी भीड़

# आबादी से बाहर सजा पटाखों का बाजार



कोटद्वार के नजीबाबाद रोड में बाजार से बाहर सजी पटाखा दुकान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर में आमजन की सुरक्षा को देखते हुए कोटद्वार में पटाखा बाजार आबादी से बाहर सजाया गया है। शहर में नजीबाबाद रोड व पेंसिल फैक्ट्री के समीप पटाखों की दुकान लगाई गई है। दीपावली से पूर्व बाजार में बढ़ रही रौनक से पटाखा व्यापारियों को भी इस बार बेहतर व्यापार की उम्मीद है।

कुछ दिन पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी शेखर सुयाल ने व्यापारियों की बैठक लेते हुए उन्हें आबादी के बीच पटाखा दुकान न लगाने की चेतावनी दी थी। चेतावनी को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने बाजार से हटकर नजीबाबाद रोड व पेंसिल फैक्ट्री के समीप खाली भूमि पर पटाखों की दुकान लगाई हुई है। धनतेरस से शहर में पटाखा बाजार सजना शुरू हो गया है। बाजार में उमड़ रही ग्राहकों की भीड़ से पटाखा व्यापारियों को भी बेहतर व्यापार की उम्मीद है। वहीं, अग्निशमन विभाग की ओर से भी पटाखा दुकान स्थल में सावधानियों का ध्यान रखा जा रहा है। विभाग की ओर से मौके पर दमकल वाहन खड़े किए गए हैं। साथ ही दमकल कर्मियों को भी मैदान में तैनात किया गया है।

# नाटक से आध्यात्मिक रहस्यों की दी जानकारी

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में आयोजित किया गया कार्यक्रम



कोटद्वार के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** दीपावली के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के नजीबाबाद रोड स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र के सदस्यों ने संगीत और नाटक के माध्यम से आध्यात्मि रहस्यों को उजागर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल की महिला अध्यक्ष अनीता आर्य ने कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर हम सबको समाज के एक गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशी लाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही सभी लोगों को पटाखे रहित दीपावली मनाकर प्रदूषण कम करने में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। केंद्र संचालिका बहन बी के ज्योति ने कहा कि दीपावली के पर्व पर जलाया जाने वाला सबसे बड़ा दीपक परमात्मा का प्रतीक होता है। सभी को अच्छे गुणों को अपनाना चाहिए जिससे घर परिवार में सुख शांति बनी रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## रीठा साहिब क्षेत्र के ग्रामीण लो–वोल्टेज से परेशान

चम्पावत। रीठा साहिब क्षेत्र में विद्युत की लो–वोल्टेज से ग्रामीण परेशान हैं।

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य रेखा गोस्वामी ने उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि रीठा साहिब क्षेत्र में लगभग पांच से छह हजार विद्युत उपभोक्ता हैं।

क्षेत्र में 150 किमी लंबी विद्युत लाइन है। जिस कारण विद्युत वोल्टेज बहुत कम रहता है। बताया कि इससे पूर्व विद्युत विभाग को इस संबंध में अवगत कराया गया था।

लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हो पाई। लेकिन विभाग ने मौखिक रूप से अवगत कराया कि लंबी लाइन होने के कारण लाइन में फाल्ट की समस्या आ रही है। ऊर्जा निगम ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

# मुख्यमंत्री को बताई कोटद्वार शहर की समस्याएं

## विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की मुलाकात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उन्हें कोटद्वार शहर की समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिए जाने का भी आग्रह किया।

इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने 17 अगस्त को कोटद्वार में संपन्न हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कोटद्वार के विकास में की गई 18 घोषणाओं को लेकर बातचीत की। इन घोषणाओं में कण्वाश्रम में चक्रवर्ती सम्राट भरत जी की प्रतिमा (स्वमेव मृगेंद्रता) व कण्वाश्रम का सौन्दर्यकरण, कोटद्वार विधान सभा में प्रवेश द्वार का निर्माण, अर्द्ध सैनिक बलों के लिए कैन्टीन परिसर का निर्माण, शहीद स्थल का निर्माण, वन विभाग द्वारा मिनी जू का निर्माण, कलालघाटी–मवाकोट मार्ग पर पुल, कोटद्वार–कालगढ़ मोटर मार्ग के समीप कोल्हूचौड नदी पर पुल, लालपानी– सनेह मोटर मार्ग पर पुलिया निर्माण, तेली स्त्रोत नाले पर स्पान बाक्स कनवर्ट निर्माण, कोटद्वार विधान सभा के आन्तरिक रोड के सुधारीकरण के लिए 10 करोड़ रूपये, कोटद्वार क्षेत्र में बॉयी खो नहर के पुनरोद्धार की योजना, सिगड्डी नहर की मरम्मत कार्य की योजना, मालन नदी पर बने बॉयी मालन नहर के साईफन एवं सिल्ट ईजेक्टर की बाढ़ से सुरक्षा कार्य की योजना, प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट लाइट की स्वीकृति, कालागढ़ क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित का कार्य, कालागढ़ राम गंगा नदी के पावन तट पर मुक्तिधाम एवं स्नान घाट का निर्माण, सुरक्षा हेतु सी०सी०टी०वी० कैमरो की आवश्यकता, कोटद्वार– पौडी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार धाम यात्रा मार्ग मे सम्मिलित करना, चारधाम यात्रा के लिए हैली सेवा की सुविधा, इन्डोर स्टेडियम, कालागढ में चिकित्सा सुविधा हेतु एम्बुलैन्स, सिडकुल का विस्तारीकरण, गंवई स्त्रोत में जीएमओयू बस अड्डा के लिए वन विभाग द्वारा जमीन हस्तान्तरण हेतु स्वीकृति हेतु विषयों पर वार्ता की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने भी विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी घोषणाओं पर शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करती विस अध्यक्ष।

# छोटे वाहनों के लिए खुला सुखरो पुल

### दो सितंबर से पुल मरम्मत के कारण बंद था यातायात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार नगर को भाबर से जोड़ने वाले सुखरो पुल पर शनिवार से छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। शनिवार को विभाग ने पुल को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया है। वहीं, पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए दोनों ओर लोहे के एंगल लगाए गए हैं। वहीं, पुल को कार व वाहनों की आवाजाही के लिए नहीं खोलने पर उत्तराखंड क्रांति दल ने आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने पुल के दोनों ओर बनी दीवार को गिरा दिया।

मालूम हो कि दो सितंबर को सुखरा नदी पर बने पुल का एक पिल्लर धंस गया था। जिसके बाद पुलिस व लोकनिर्माण विभाग ने पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी थी। पिल्लर की सुरक्षा के लिए लोकनिर्माण विभाग ने तत्काल जेसीबी से सुखरो नदी की दिशा भी बदल दी थी। साथ ही क्षतिग्रस्त पिल्लर के चारों ओर पत्थरों की दीवार बना दी थी। तीन सितंबर को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने विशेषज्ञों के साथ पुल का निरीक्षण किया, जिसके बाद विभाग ने नोएड़ा की एक एजेंसी को मरम्मत कार्य का जिम्मा सौंप दिया। शुरूआत में बारिश के कारण नदी उफान पर आने से मरम्मत कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। लेकिन, वर्तमान में विभाग ने पुल मरम्मत का अधिकांश कार्य पूरा कर दिया है। कुछ दिन पूर्व उत्तराखंड क्रांति दल ने पुल को वाहनों की आवाही के लिए खोलने की मांग की थी। साथ ही दो दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने भी पुल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को इसे छोटे वाहनों के लिए खोलने के निर्देश दिए। जिसके तहत विभाग ने पुल के दोनों ओर लोहे के एंजल लगाकर इसे दोपहिया वाहनों के लिए खोल दिया। वहीं, पुल को कार व अन्य वाहनों के लिए नहीं खोलने पर आक्रोश व्यक्त किया। दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर शक्ति शैल कपरवाण के नेतृत्व में कार्यकार्ताओं ने पुल पर पहुंचकर इसके दोनों ओर बनी दीवार को गिरा दिया। डॉक्टर शक्ति शैल कपरवाण ने कहा यदि सरकार कार्यकताटों पर मुकदमा करेगी तो हम जनहित की इस लड़ाई के लिए जेल जाने को भी तैयार हैं। इस मौके पर हरीश द्विवेदी, जग दीपक रावत, महेंद्र सिंह रावत, पितृ शरण जोशी ,श्रवण सिंह रावत, पुष्कर रावत, गुलाब सिंह रावत और हयात सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार सुखरो पुल पर दौड़ते दोपहिया वाहन

# प्लास्टिक कचरे का किया निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारत सरकार के खेल मंत्रालय के माध्यम से चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र पौड़ी द्वारा विकास खंड दुगड्डा के कण्वाश्रम तथा सिद्धबली मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही प्लास्टिक के कचरे को नष्ट किया गया।

जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही प्लास्टिक के कचरे से मुक्त भारत की कल्पना साकार हो सकती है। युवा इस मुहिम में प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। नेहरु युवा मण्डल मोटाढ़ाक के अध्यक्ष तरुण इष्टवाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऐसे सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग कर युवा समाज में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व स्थापित कर सकते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी ज्योति, सक्षम देवरानी, कुलदीप सिंह, राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा युवा मण्डल मोटाढाक के सदस्य मौजूद रहे।



कोटद्वार में प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते विद्यार्थी

# 30 को होगा फोकस ग्रुप डिस्कसन

पौड़ी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड शासन के निर्देश पर अर्थ एवं संख्या विभाग द्वारा जनपद में 15 अक्टूबर से विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु उत्तराखंड राज्य के सम्मानित मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण व अभ्यास का अंतिम चरण का सर्वेक्षण कराया जा रहा है। अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि जनपद में फोकस ग्रुप डिस्कसन की तिथि 30 अक्टूबर को निर्धारित की गई हैं।

अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने जानकारी देते बताया कि सर्वेक्षण कार्य को अत्यधिक महत्व देते हुए निर्देशानुसार उच्च प्रशिक्षित अपर सांख्यिकीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक लोकसभा सामान्य निर्वाचन व विधानसभा सामान्य निर्वाचन से पूर्व तथा सामान्य निर्वाचन सम्पादित होने के पश्चात यह सर्वेक्षण कार्य विगत कई वर्षों से होता रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह सर्वेक्षण कार्य अनुसूचियों के माध्यम से सम्पादित किया जाता था। सर्वेक्षण कार्य त्वरित एवं त्रुटि रहित बनाये जाने के दृष्टिगत राज्य में प्रथम बार यह सर्वे कम्प्यूटर एडिड पर्सनल इन्टरव्यू के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में पौड़ी, श्रीनगर व यमकेश्वर विधानसभाओं में निदेशालय स्तर से प्रत्येक विधानसभा में रैंडम आधार पर चयनित किये गये 10 में से 5 मतदान केंद्रों से संबंधित मतदाताओं के चुनाव संबंधित ज्ञान, अनुभव उनके विचारों एवं स्वीप इंटरवेंशनों की जानकारी को संकलित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में राज्य स्तरीय टीम के माध्यम से मतदाताओं के मध्य फोकस ग्रुप डिस्कसन भी किया जा रहा है, जिसमें टीम द्वारा मतदाताओं से सीधे फीड बैक प्राप्त किये जा रहे हैं।

# असामाजिक एवं संदिग्ध पर निगरानी रखें : एसएसपी

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्यवाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** त्योहारी सीजन को देखते हुए पौड़ी के एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। थाना प्रभारियों को बाजारों की गश्त, चैकिंग से लेकर असामाजिक एवं संदिग्ध पर निगरानी रखने पर जोर दिया है। पटाखों की दुकान चयनित स्थानों पर ही लगे इसका पूरा ध्यान रखने को कहा गया है। जिले की अपराध समीक्षा बैठक करते हुए एसएसपी पौड़ी यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि गंभीर अपराधों की तफ्तीश को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों पर नजर रखने को भी कहा। 2 ईनामी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी को प्रभारी सीआईयू को निर्देशित किया गया। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

एसएसपी ने कहा कि जो भी वाद लंबित है उनकी तफ्तीश तय सीमा में पूरी कर ली जाए। दीपावली को देखते हुए पटाखों की दुकानों को लेकर पूरी सुरक्षा बरती जाए और चयनित स्थलों को छोड़ किसी भी स्थान पर पटाखों की बिक्री न हो इसका थाना प्रभारी ध्यान रखे। जिन बाजारों में भीड़ अधिक है वहां के लिए यातायात का प्लान लागू किया जाए। इसे सुबह से ही अमल मे लाया जाए और यह ध्यान में रखा जाए कि आम लोगों को किसी तरह की परेशानियां न हो। एसएसपी ने कहा कि भीड़ वाले इलाकों में थाना प्रभारी और सीओ भी गश्त करे और अधीनस्थों को भी जिम्मेदारी दे। एसएसपी ने कहा कि आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाए। जहां कैमरे लगे हैं, उन्हें भी चेक किया जाए। वहीं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निरीक्षक यातायात व प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष स्वयं रूटीन वाहन चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों विशेषकर ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ड्रंक एण्ड ड्राईव, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, बिना हैलमेट व दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाए।

समीक्षा में पाया गया कि थाना पैठाणी व लक्ष्मणझूला को छोड़ अन्य थानों ने मोटर वाहन अधिनियम में संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। अभी तक 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद होने पर एसएसपी ने नाराजगी जताते हुए कोटद्वार, श्रीनगर, थलीसैंण थानों को प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। सिमड़ी में हुई दुर्घटना के दौरान राहत एवं बचाव के लिए एसओ धुमाकोट और उनकी टीम को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल, सीओ पौड़ी पीएल टम्टा, कोटद्वार गणेश लाल कोहली, श्रीनगर एसडी नौटियाल, आरआई अनुराग कुमार, एसओ लक्ष्मझूला विनोद गुंसाई, पौड़ी गोविंद कुमार, श्रीनगर हरिओम चौहान, कोटद्वार विजय सिंह, सतपुली लाखन सिंह सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर जताया रोष

## कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग में कर्मियों को नहीं मिली राशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग में कार्यरत उपनल कार्मिकों को पिछले 15 माह से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हो पाया है, जिस कारण कार्मिकों में रोष बना हुआ है।

इस संबध में कार्मिकों की आयोजित बैठक में दैनिक संविदा व आउटसोर्स कमचारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि इस संबध में उपनल कर्मियों ने प्रभागीय वनाधिकारी से वार्ता भी की थी।

वार्ता में प्रभागीय वनाधिकारी ने बजट उपलब्ध होने पर प्रोत्साहन राशि जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है।

वहीं प्रभाग में कार्यरत फील्ड श्रमिकों को भी लंबे समय से बोनस का भुगतान नहीं किया गया है। कहा कि प्रभाग श्रमिक हितों की अनदेखी कर रहा है।

अधिकारियों से इस संबध में वार्ता करने पर वे सीधे उपनल के अधिकारियों से बात करने के लिए कह रहे हैं। इस कारण श्रमिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि श्रमिकों की मांगों पर शीघ्र ध्यान न दिए जाने की स्थिति में वे कार्य बहिष्कार करने पर बाध्य होंगे।बैठक में विकास नेगी, प्रदीप जुयाल, डबल सिंह, राम सिंह, प्रदीप कुमार, हेमा देवरानी, आकाश रावत, पवन नेगी, राजेश नेगी और जगत नेगी सहित सभी श्रमिक मौजूद रहे।

# अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज



रुद्रपुर। काशीपुर सड़क हादसे में बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी की मौत के मामले में आईटीआई पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुरादाबाद जिले के ग्राम इनायत नगर थाना ठाकुरद्वारा निवासी जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंपी।

कहा कि 14 अक्टूबर को उसके जीजा दिग्विजय सिंह पुत्र स्व. मनोहर सिंह निवासी ग्राम गद्दूवाला थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद व विरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम लौंगी खुर्द थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद दोनों महुआखेड़ागंज स्थित फ्लैक्सी टफ वेन्चर लिमिटेड से ड्युटी कर सुबह करीब 8.30 बजे बाइक से घर वापस आ रहे थे। इसी बीच पैगा मोड़ के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही कार (यूके 19–3552) के चालक ने कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके जीजा दिग्विजय सिंह की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी। जिससे उसके जीजा दिग्विजय सिंह और विरेन्द्र कुमार शर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में मोटर साईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को कृष्णा हॉस्पिटल काशीपुर में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें महन्त इन्द्रेश कालेज देहरादून ले गये। इसके बाद उन्हें आईकान हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दिग्विजय सिंह की मौत हो गयी। आईटीआई थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।(एजेन्सी)

## छठ पूजा की तैयारियां शुरू

हल्द्वानी : रामपुर रोड में छठ पूजा स्थल समिति में शनिवार को एक बैठक हुई। अध्यक्ष कृष्णा शाह ने बताया की छठ पूजा स्थल की साफ सफाई, पूजा स्थल को व्यवस्थित, रंगाई-पुताई करना आदि कार्यों पर चर्चा हुई। बताया की 28 अक्तूबर को नहाए खाए व्रत रखा जाएगा। जिसके बाद 29 अक्तूबर को खरना मीठी खीर, 30 अक्तूबर को डूबते हुए सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं 31 अक्तूबर को उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने के साथ प्रसाद वितरण होगा। छठ पूजा समिति द्वारा इस बार व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष शंकर भगत, कोषाध्यक्ष वीरू पंडित, कपिल भगत, ईश्वर सिंह, कश्मीरा सहानी, राम, मनोज कुमार व हरेन्द्र साह समेत छठ कमेटी समिति के सभी लोग मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# लंपी वायरस रोकने को टीकाकरण अभियान चलाया



पिथौरागढ़। लंपी वायरस की रोकथाम को पशुपालन विभाग ने जिले भर में मवेशियों का टीकाकरण अभियान चलाया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश भारद्वाज ने कहा जिले भर में मवेशियों का टीकाकरण किया जा रहा है। लोगों को भी सावधानी बरतते हुए इस अभियान में विभाग का साथ देना होगा। उन्होंने किसानों से मवेशियों का टीकाकरण करने की अपील की है।(एजेन्सी)

# हिमांशु ने 4 विकेट लेकर उत्तराखण्ड की टीम को दिलाई जीत

पिथौरागढ़ : सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट टूर्नामेंट मे उत्तराखंड टीम में शामिल जिले के होनहार खिलाड़ी हिमांशु बिष्ट ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलायी। उन्होंने मिजोरम राज्य की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर 4 विकेट अपने नाम किये। कनालीछीना डुंगरी निवासी हिमांशु बतौर लेग स्पिनर टीम में खेल रहे हैं। उनके शानदार प्रदर्शन से जिले में खुशी की लहर है। पिथौरागढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उमेश चन्द्र जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। जोशी ने बताया कि



विगत वर्ष हिमांशु विजय हजारे बोर्ड ट्रॉफी एवं रणजी ट्रॉफी में भी उत्तराखण्ड टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हिमांशु के आगे के मैचों के लिये भी पिथौरागढ़ क्रिकेट एसोसिएशन ने उनसे शानदार प्रदर्शन की कामना की हैं। कहा कि यह एसोसिएशन के लिये ये गौरव का पल है। पिथौरागढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जोशी, उपाध्यक्ष भूपाल सिंह चुफाल, कोषाध्यक्ष दिनेश भटट, युवा क्रिकेटर आयूष जोशी, कैलाश चंद, हरीश जोशी, नवीन पुनेठा, अभय जोशी, रवि डसीला,दिनेश चंद्र जोशी, महेन्द्र सिंह बिष्ट हेमा मेहता, प्रकाश दिगारी, राजिंदर गुररौ, कैलाश कोरंगा अंशुल डांगी, राजेश रावत, धरम बिष्ट, ज़िला ओलंपिक संघ ने उनके टीम उत्तराखण्ड में चयन पर खुशी जाहिर करते हुए सफल भविष्य के लिए बधाई दी है। (एजेन्सी)

## दीपावली को लेकर पुलिस सर्तक, पांच पकड़े

पिथौरागढ़ : दीपावली पर्व पर जुआ खेलने वालों पर पुलिस ने पैनी नजर रख रही है। जिला मुख्यालय के नजदीक तड़ीगांव में जुआ खेलते पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तड़ीगांव निवासी किशन राम, सुनील सिंह, राजेंद्र सिंह, टकाना निवासी आशीष साहनी व लिंक रोड निवासी अजय सिंह को जुआ खेलते पकड़ा। उनके पास से ताश की गड्डी व 2500 नगद बरामद किए। पांचों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। (एजेन्सी)

# 83 वें दिन भी नर्सिंग बेरोजगार धरने पर बैठे

हल्द्वानी। 2621 पदों पर वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर बेरोजगारों का आंदोलन को रिकार्ड 83 दिन हो गए हैं। इससे पहले एसटीएच के उपनल कर्मचारियों ने 78 दिन आंदोलन किया था। नर्सिंग बेरोजगारों में मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से रोष है। बुद्धपार्क में शनिवार को 83 वें दिन भी नर्सिंग बेरोजगार धरने पर बैठे रहे। इस दौरान एलिंग वेलफेयर नर्सेज फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू ने कहा कि सालों से राज्य के अस्पतालों में नर्स, टेक्नीशियन आदि के पद खाली हैं। इन पदों को तुरंत भरने की जगह सरकार नर्सिंग बेरोजगारों से कोरे वादे कर रही है। कहा कि अब कोर्ट ने भी बेरोजगारों के पक्ष में फैसला दे दिया है। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई



होती नहीं दिख रही है। कहा कि जब तक 2621 पदों पर भर्ती का शासनादेश जारी नहीं होता है उनका आंदोलन चलेगा। यहां भगवती प्रसाद, मुकेश लसपाल, गिरीश कांडपाल, खुशाल सिंह, गौरव उप्रेती, दीपक मनकोटी, हिना, मनीषा, रघुवीर सिंह, भगवती प्रसाद मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# रामलीला ग्राउंड में पटाखा बाजार लगाया



हल्द्वानी। धनतेरस और दिवाली को लेकर शनिवार से ही बाजारों में चहल–पहल रही।

व्यापारी धन सिंह राणा ने बताया लोगों की चहल–पहल काफी रही, लेकिन कारोबार की स्थिति सामान्य रही। वहीं रामलीला ग्राउंड में पटाखा बाजार लगाई गई जिसमें 15 पटाखा व्यापारियों ने दुकान लगाई पिछले साल के मुकाबले इस साल पटाखा व्यापार अच्छा रहने से व्यापारियों ने खुशी जाहिर की। वहीं बर्तन व्यापारियों की दुकान में खासी भीड़ भाड़ देखने को मिली फर्नीचर की दुकान भी रामलीला मैदान में लगाई गई। सजावट व बर्तनों के अलावा लोगों ने बेड, अलमारी, सोफा सहित अन्य चीजों की भी खरीदारी की। बाजार में खरीदारी के चलते ब्लॉक रोड मल्लीताल में समय–समय पर जाम की स्थिति बनी रही।(एजेन्सी)

## 40 फर्स्ट एड किट खरीदी

रुद्रपुर। रोडवेज डिपो में 4600 रुपए की लागत से 40 नई फर्स्ट एड किट खरीदी गई हैं। शनिवार को वरिष्ठ केंद्र प्रभारी हरेंद्र सिंह नितवाल ने बताया कि रीजन से स्वीकृती मिलने के बाद पुरानी किटो को हटा दिया गया है। उसके स्थान पर 40 नई फर्स्ट एड किटें डिपो से खरीदी गई हैं। किट में बेंडेज, पट्टी, एक एंटीसेप्टीक लिक्वीड, दो दवाई के पत्ते और एक ट्युब रखी गई है। जिनको लगभग 4600 रुपए की बजट से खरीदा गया है। बताया कि इन किटों को बसों के कंडेक्टरों को दे दिया जाएगा। (एजेन्सी)

# महिला तस्कर 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस की गश्त टीम ने एक महिला को स्मैक के साथ दबोच लिया। कोर्ट के आदेश के बाद महिला को जेल भेज दिया गया है। कोतवाल हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को राजपुरा में वार्ड नंबर 13 निवासी भूरी (56) के संदिग्ध हालत में मिलने पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 12.40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। भूरी पहले भी स्मैक तस्करी में लिप्त रही है। उधर, मंडी क्षेत्र में हरिपुर केशव हाथी खाल थाना हल्द्वानी निवासी मनीष जोशी (22) को 5.82 ग्राम अवैध



स्मैक के साथ किया गिरफ्तार किया गया है।(एजेन्सी)

# तेल बेचने के आरोप में व्यापारी गिरफ्तार

किच्छा। सरसों मिल मलिक उसके ब्रांड का नकली मार्का लगा कर तेल बेचने के आरोप में एक व्यापारी को पकड़ लिया। मिल मालिक ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि फैक्ट्री मालिक ने अपनी शिकायत को वापस ले लिया है, इसलिए आरोपी को छोड़ दिया गया है।बता दें कि एफसीआई रोड पर श्री दुर्गा ऑयल मिल स्थित है। जिसका सुनहरी एडेबिल ऑयल ब्रांड सरसो का तेल है। शनिवार को मिल के स्वामी ने कोतवाली पहुंच कर आरोप लगाया कि नगर का एक व्यापारी उसके ब्रांड का फर्जी मार्का बना कर अपना तेल बेच रहा है। सूचना मिलते पुलिस आरोपी व्यापारी को पकड़ कर कोतवाली ले आई। जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधि व व्यापारी नेता कोतवाली पहुंच गए और मामले का पटाक्षेप करने में जुट



गए। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मिल स्वामी ने अपनी शिकायत को वापस ले लिया है। जिसके कारण आरोपी को बगैर किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया गया है।(एजेन्सी)

## ऑनलाइन खरीदारी न करने की अपील की

रुद्रपुर। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रभात साहनी ने आम लोगों से दिवाली पर ऑनलाइन खरीदारी न करने की अपील की है।

साथ ही व्यापारी वर्ग से आहवान किया है कि वे हिन्दू देवी–देवताओं के चित्र छपे पटाखे व खाद्य सामग्री कतई न बेचें। कहा कि मंदी की मार झेल रहे छोटे–मझोले व्यापारियों के हित में उपभोक्ताओं में जागरूकता आना जरूरी है। कहा कि, छोटे व्यापारियों को ऑनलाइन ट्रेडिंग ने कुचलकर रख दिया है। किराया, बिजली बिल के अलावा ऐसे भी शुल्क हैं जो व्यापारी अपना व्यापार सुचारु रखने को देते हैं।

व्यापारी नेता ने ऑनलाइन शॉपिंग के खिलाफ आवाज उठाते हुए वोकल फॉर लोकल के तहत दुकानदारों से सामान खरीदने की अपील की है।(एजेन्सी)

# सहकारी दुग्ध समिति ने सदस्यों को दुग्ध बोनस बांटा



रुद्रपुर। ग्राम सहकारी दुग्ध समिति में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत ने समिति के 59 सदस्यों को 47,930 रुपये का दुग्ध बोनस वितरित किया। शनिवार को ग्राम सूर्यनगर में आयोजित बोनस वितरण समारोह में नंदन टाकुली को प्रथम, लक्ष्मण सिंह बिष्ट को द्वितीय व मोहन सिंह मेहता को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जय माता दी महिला समूह और हरियाली महिला समूह की महिलाओं ने योगेन्द्र सिंह रावत का स्वागत किया गया। समारोह में बहादुर मेहता, आकाश मेहता, विक्रम मेहता, दीपक देव, बसंत तिवारी, दीपक मेहता, खड़क कोरंगा, महेंद्र सिंह, गोविंद दानू, डेयरी सुपरवाइजर तारा दत्त बेलवाल आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग ने निकाला फ्लैग मार्च



हल्द्वानी। कॉर्बेट पार्क में दिवाली के अलर्ट के बीच फ्लैग मार्च निकाला गया है। शनिवार को बिजरानी रेंजर बिंदर पाल के नेतृत्व में सावलदे, चोरपानी, आदि जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। बताया कि दिवाली में संदिग्धों की घुसपैठ की आशंका रहती है।(एजेन्सी)

## दिवाली में नहीं होगी कैश की दिक्कत

पिथौरागढ़ : सीमांत जनपद में इस दिवाली लोगों को खरीदारी के लिए नगदी संकट से जूझना नहीं पड़ेगा।

बैंक बंद होने के बावजूद भी लोगों को एटीएम में पर्याप्त नगदी मिलेगी। बैंकों ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। दिवाली पर्व को देखते हुए बैंकों को 200 करोड़ की धनराशि मिली है।

दीपावली पर्व को लेकर आमजन के साथ ही बैंकों की भी तैयारी पूरी हो चुकी है। आज से बैंकों में तीन दिन का अवकाश शुरु हो गया है, रविवार फिर दिवाली का अवकाश होने से बैंक तीन दिन तक लगातार बंद रहेंगे। लेकिन दीप पर्व में लोगों को धन की कमी न हो और आसानी से खरीदारी कर सके, इसके लिए बैंक प्रबंधन ने पूरी व्यवस्था कर ली है। जिले भर में विभिन्न बैंकों के 59 एटीएम हैं। (एजेन्सी)

# गरीब परिवारों संग मनाई दीवाली




हल्द्वानी। सारथी फाउंडेशन समिति ने शनिवार को गरीबों संग दीपावली मनाई। समिति ने राजपुरा स्थित कुष्ठ आश्रम में गरीब परिवारों को सामान एवं मिठाई बांट कर उनके साथ दीपावली मनाई। साथ ही पर्यावरण जन जागरूकता अभियान के तहत सभी को सारथी थैला भी दिया। समिति ने हर वर्ष इयी तरह दीपावली मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान नवीन पंत, सुमित्रा प्रसाद, ज्ञानेंद्र जोशी, प्रदीप सबरवाल, दिशांत टंडन, गिरीश चंद्र लोहनी, जाकिर हुसैन, मनीष पंत, दीप्ति चुफाल, नीलू नेगी, दीक्षा पांडे पंत, आनंद आर्य, राजेश भारद्वाज, संदीप बिनवाल, कैलाश चंद्र जोशी, देवीदत्त सुयाल, कैलाश, डीएस नयाल, संतोष गौड़ आदि मौजूद रहे।(एजेन्सी)

# जिला पंचायत सदस्यों ने कोतवाल के खिलाफ मोर्चा खोला

बागेश्वर। जिला पंचायत उपाध्यक्ष समेत सात सदस्यों ने कोतवाल के खिलाफ मोर्चा तेज कर दिया है। उन्होंने डीजीपी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, पंचायतराज सचिव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। न्याय नहीं मिलने पर एक नवंबर से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

मांग पूरी नहीं होने पर एक नवंबर से आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में उपाध्यक्ष नवीन परिहार, सदस्य गोपा धपोला, पूजा आर्या, इंदिरा परिहार, सुदेंद्र सिंह, रूपा कोरंगा, वंदना ऐठानी आदि शामिल हैं।

जिला पंचायत में शुक्रवार को कोतवाल जिपं अध्यक्ष के फोन तथा एसडीएम के निर्देश पर गई थी। वहां कर्मचारियों के बंधक बनाए जाने की सूचना दी थी। इस मामले में जांच की जा रही है। यदि पुलिस ने किसी तरह की अभद्रता की है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जांच के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# परशुराम लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः दुगड्डा ब्लाक के ग्राम पंचायत झटरी के अंतर्गत डाडामन्डी में आयोजित रामलीला में तृतीय दिवस की रामलीला का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमल्दा दिनेश रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आरती के पश्चात ताड़का सुबाहु बध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर व परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। रामलीला प्रारंभ होने से पूर्व मातृशक्ति सहभागिता के अंतर्गत ग्राम बौंठा की कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। रामलीला के अंतर्गत पहली बार महिला सशक्ति, सहभागिता व स्व– संस्कृति को बढ़ावा हेतु क्षेत्रीय गांवों से थड़िया चौंफला प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें आठ गांवों की टीमों द्वारा नामांकन कराया गया है। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष खुशीराम बलोदी, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत व शशिदेव डोबरियाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को

नई टिहरी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगामी 12 नवम्बर को जनपद टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा। जिसमें पूर्व मुकदमेबाजी मामलों एवं न्यायालयों में लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता पंत ने बताया कि जनपद में आगामी 12 नवंबर को आयोजित किये जानी वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते एवं स्वीकृति के आधार पर पूर्व मुकदमेबाजी मामलों एवं न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। (एजेन्सी)

# साहसिक शिविर में कार्यक्रम अधिकारी व दो स्वयं सेवी प्रतिभाग करेगें

उत्तरकाशी : हिमाचल प्रदेश के पोंगडैम वाटर स्पोर्ट्स में आगामी 9 नवंबर से 18 नवंबर तक लगने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के साहसिक शिविर के लिए राजेन्द्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी संगीता रावत एवं स्वयंसेवी निर्देश चौहान व रुचिता का चयन हुआ है। यह स्वयंसेवी एनएसएस अधिकारी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के इस साहसिक शिविर में प्रतिभाग करेंगे। महाविद्यालय परिवार ने कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों के चयन पर खुशी जाहिर की है। राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट की प्राचार्य अंजु भट्ट ने बताया है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयंसेवियों में निर्देश चौहान व रुचिता सहित वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी संगीता रावत का चयन हिमाचल प्रदेश के पोंगडैम वाटर स्पोर्ट्स में लगने साहसिक शिविर के लिए चयन हुआ है। यह शिविर आगामी 9 नवंबर 2022 से 18 नवंबर 2022 तक लगेगा। प्राचार्य डॉ अंजु भट्ट ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा है कि इससे महाविद्यालय में अध्ययनरत अन्य छात्र–छात्राएं भी प्रेरित होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दया प्रसाद गैरोला सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने साहसिक शिविर के लिए चयनित कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्रों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। (एजेन्सी)

## चकराता में हुआ नवनिर्मित सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण

विकासनगर। चकराता बस स्टैंड पर छावनी परिषद द्वारा नवनिर्मित सेल्फी प्वाइंट का शनिवार को लोकार्पण किया गया। सेल्फी प्वाइंट पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोकार्पण समारोह में कैंट प्राइमरी स्कूल के बालक–बालिकाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद नवनिर्मित सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण मुख्य अतिथि पूर्व दर्जाधारी टीकाराम शाह और सीईओ आरएन मंडल ने फीता काट कर किया।

# देवप्रयाग नगर पालिका देश में तीसरे स्थान पर

नई टिहरी : प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर देवप्रयाग नगर पालिका ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। गुजरात के राजकोट में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी की ओर से देवप्रयाग नगर पालिका को इसके लिए पुरस्कृत किया गया।

वर्ष 2015 में शुरू प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बेघर तथा कच्चे आवास धारकों को पक्के घरों के निर्माण हेतु दो लाख की राशि दिए जाने का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया, इसके अंतर्गत उत्तर पूर्वी व पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में नगर पालिका देवप्रयाग ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। देवप्रयाग नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आने वाले 35 परिवारों के लिये पक्के घर बनवाए हैं।

उत्तराखंड की एकमात्र निकाय देवप्रयाग ने निर्धारित अवधि में इस लक्ष्य को पूरा किए है, जिसके लिये देवप्रयाग नगर पालिका को पुरस्कार हेतु चुना गया।

राजकोट में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के हाथों देवप्रयाग नगर पालिकाध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल व ईओ रघुवीर राय ने संयुक्त रुप से यह पुरस्कार ग्रहण किया। पालिकाध्यक्ष कोटियाल ने देवप्रयाग पालिका के लिए इसको ऐतिहासिक उपलब्धि बताते कहा कि पालिका सभासदों, कर्मचारियों व नगर क्षेत्र की जनता के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। (एजेन्सी)

## मिलावट का विशेष ध्यान रखें व्यापारी–सुरेंद्र भटेजा

हरिद्वार। हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यापारी खाद्य पदार्थों में मिलावट का विशेष ध्यान रखें।

## स्वदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आह्वान

रुड़की। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर के तीनों भवनों माधव भवन, भगिनी निवेदिता भवन एवं केशव भवन में दीपों के पर्व दीपावली कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुलश्रेष्ठ, प्रबन्धक डॉ. रजत अग्रवाल, मनमोहन शर्मा, इन्द्रराज सिंह गौतम, आदर्शवीर भारद्वाज, श्रद्धा शर्मा, प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह, उप–प्रधानाचार्य मोहन सिंह मटियानी, उप–प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने मां सरस्वती, मां लक्ष्मी एवं गणेश भगवान के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया।

# शिक्षा मंत्री ने बच्चों के साथ किया भोजन

चमोली : प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता मंत्री ने शनिवार को गौचर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र सहित आदर्श जूनियर हाईस्कूल का निरीक्षण किया।

इस दौरान डा. रावत ने आदर्श स्कूल में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। मंत्री के साथ भोजन करते हुए बच्चे खुश दिखे।

बदरीनाथ दौरे से वापस आते हुए डा. धन सिंह रावत गौचर रूके। इस दौरान डायट एवं जूनियर हाईस्कूल का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति को लागू कर दिया गया है। बाल बाटिका और उच्च शिक्षा में यह नीति इसी सत्र से संचालित हो रही है। मंत्री डा. रावत ने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा को मजबूत बनाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने डा. धन सिंह से अस्पताल के उच्चीकरण करने, चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की तैनाती की मांग की। इससे पूर्व डायट एवं जूनियर स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल, जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष अंजू बिष्ट सहित अन्य शामिल थे। वहीं दूसरी ओर डा. धन सिंह रावत का कर्णप्रयाग में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री पंकज डिमरी, जिला सहमीडिया प्रभारी हेमंत सेमवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र भंडारी, गंभीर मियां आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## लक्ष्मण ने किया मेघनाथ का वध

नई टिहरी : जौनपुर ब्लॉक के थत्यूड़ में धार्मिक एंव सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित रामलीला मंचन में लक्ष्मण और मेघनाथ के युद्ध का मंचन हुआ। लक्ष्मण मेघनाथ का वध कर देते हैं।

थत्यूड़ में आयोजित रामलीला मंचन में मेघनाथ और लक्ष्मण का घोर युद्ध होता है, मेघनाथ लक्ष्मण पर शक्ति बाण चलता है, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं, लक्ष्मण के मूर्छित हो जाने से राम दरबार में मातम पसर जाता है। हनुमान मूर्छित लक्ष्मण को लेकर राम दरबार में जाते हैं। भगवान राम हनुमान से लंका से सुषेन वैद्य को लाने का आग्रह करते हैं। सुषेन वैद्य लक्ष्मण की मूर्छा तोड़ने के लिये हनुमान से द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाने को कहते है।

# रैली निकाल किया स्वच्छता के प्रति जागरुक

## 110 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर निस्तारण किया



विकासनगर। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ के एनएसएस स्वयं सेवकों ने शनिवार को नगर क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इसके साथ ही 110 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर उसका विधिवत निस्तारण किया। अनीता नेगी और गुलाब सिंह ने व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। अभियान में संजीव कालूरा, ईसम सिंह बिष्ट, नीरज, प्रीति, विभा, फकीरचंद, अजीत तोमर, रमा, मातबर आदि शामिल रहे।

## बीईओ कार्यालय में धरने पर डटी रहीं भोजनमाताएं

विकासनगर। पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित भोजनमाताएं शनिवार को भी बीईओ कार्यालय में धरने पर डटी रहीं। भोजनमाताओं का कहना है आर्थिक तंगी के चलते उनके परिवार में दीपावली पर्व मनाया जाना भी मुश्किल हो गया है। बताया कि जब तक मानदेय का भुगतान नहीं होगा तब तक दोपहर बाद बीईओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भोजनमाता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा देवी ने कहा कि विभाग ने अप्रैल माह के बाद से अभी तक मानदेय नहीं दिया है,

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शॉपिंग कॉम्पलैक्स का लोकार्पण

उत्तरकाशी : पुरोला नगर पंचायत ने पुरोला–मोरी रोड वार्ड 04 के मुख्य बाजार में शनिवार को 72.95 लाख की लागत से बनी नवनिर्मित शॉपिंग कांप्लेक्स का नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी ने लोकार्पण किया। शॉपिंग कांप्लेक्स में लगभग 35 दुकानों का पिछले वर्ष निर्माण कार्य शुरू करते हुए एक वर्ष के अंतर्गत बनाकर तैयार किया।

शनिवार को धनतेरस के मौके पर क्षेत्र के छोटे कारोबारियों व रेहड़-फड़ी, बेरोजगारों को स्वरोजगार शुरू करने को लेकर आवंटित दुकानें समर्पित की।

शॉपिंग कांप्लेक्स का उद्घाटन और लोकार्पण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी ने कहा कि नगर क्षेत्र के युवा बेरोजगार जो स्वरोजगार के लिए होटल, रेडीमेट गारमेंट्स, किराना, लघु उद्योग आदि व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक थे।

कहा कि नवनिर्मित कांप्लेक्स में 35 दुकानें बनी हैं, जिनके आवंटन के लिए आवेदन मांगे गए थे। नियमों व शर्तों के अनुरूप पात्रों को ये दुकानें आवंटित की गई हैं।

इस मौके पर पार्षद गीता पंवार, रजनी शाह, बरदेव नेगी, भुवनेश्वर उनियाल, जिला पंचायत सदस्य दलवीर सिंह चंद, बलदेव रावत, धीरपाल सिंह रावत, जयेंद्र रावत, गोपाल कैंतूरा, राकेश पंवार, बिहारी लाल शाह, जगदीश गुसाईं, बिजेंद्र नेगी, सूर्यपाल रावत, प्रमोद, जगदेव नेगी, नारायणी चौहान, सुलोचना देवी, लाइब्रेरी रावत, सुभाष नेगी, चमन प्रकाश, अमित नौटियाल थे। (एजेन्सी)

# जिसेऊ ने जीता कबड्डी का फाइनल मुकाबला



विकासनगर। पछुवादून युवा विकास क्रीड़ा समिति की ओर से बुलाकीवाला तप्पड़ में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला टिमरा और टिपऊ के बीच खेला गया, जिसमें टिपऊने 37–31 के अंतर से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमी फाइनल में जिसेऊने 29–22 के अंतर से पंजिया को हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। फाइनल मैच में जिसेऊ ने 31–22 के अंतर से टिपऊ को हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस दौरान कमलेश भट्ट, महेंद्र सिंह नेगी, पृथ्वीराज चौहान, नवीन चौहान, महेंद्र तोमर, जयवीर, आकाश तोमर, भीम सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

## हिमाचल प्रदेश में आएगी कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन से वापस लौटे चकराता विधायक प्रीतम सिंह और टिहरी जिले की प्रतापनगर सीट से विधायक विक्रम सिंह ने त्यूणी में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार आएगी। कहा कि हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार भी उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर ही जनविरोधी नीतियों को लागू करती रही है। दोनों ही विधायकों ने कहा कि उत्तराखंड की तर्ज पर ही हिमाचल प्रदेश में भी युवाओं के सपनों को सरकार ने बेच डाला। वहां भी कई भर्तियों में घोटाले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की रीति और नीति आम आदमी के हक पर डाका डालकर अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने की रही है।

# सहायक वन कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन



विकासनगर। सहायक वन कर्मचारी संघ की चकराता शाखा इकाई का एक दिवसीय अधिवेशन शनिवार को वन आरक्षी प्रशिक्षण संस्थान रामपुर मंडी में संपन्न हुई। अधिवेशन के प्रथम सत्र में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। जबकि दूसरे सत्र में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव गठित कार्यकारिणी में प्रदीप सक्सेना अध्यक्ष और आशीष चंद्रा मंत्री चुने गए। अधिवेशन को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश महामंत्री स्वरूप चंद्र ने कहा कि फील्ड कर्मचारियों का अधिकांश समय गश्त में ही व्यतीत होता है। ऐसे में उनके पास परिवार के साथ रहने के लिए पर्याप्त समय भी नहीं मिलता है। विषम परिस्थितियों में भी फील्ड कर्मी जंगलों में गश्त कर वन्य जीवों और वन्य उत्पादों की सुरक्षा में लगे रहते हैं। ऐसे सभी फील्ड कर्मियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन दिए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन विभागीय अधिकारी और सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। कहा कि जल्द ही इस संबंध में उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाती है। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को समय पर गरम वर्दी दिए जाने और फील्ड में होने वाले कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने की मांग रखी। अधिवेशन के दूसरे सत्र में गठित की गई नई कार्यकारिणी में रमेश केहड़ा उपाध्यक्ष, रण बहादुर छेत्री कोषाध्यक्ष, अर्चना कवि उपाध्यक्ष (महिला) चुनी गईं।

# हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत का बहादराबाद थाने पर धरना तीसरे दिन भी जारी रहा



हरिद्वार। बहादराबाद थाने पर कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी लगातार दो दिन से धरना दे रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न के विरोध में अनुपमा रावत बहादराबाद थाने पर धरने पर बैठी हैं। शनिवार को धरने के तीसरे दिन पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधायक रवि बहादुर, पूर्व राज्यमंत्री किरणपाल बाल्मीकि, पूर्व पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, सुशील राठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, अशोक शर्मा, समीर अंसारी, राजीव चौधरी, महरूफ सलमानी, जितेंद्र सिंह, हिमांशु बहुगुणा, विपिन पेहवल, ठाकुर रतन सिंह, मुरसलीन कुरेशी, हेमा नेगी, सुमित सैनी, अर्जुन सिंह, वरुण बालियान आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने काह कि भाजपा सरकार पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है। निदोषों पर झूठे मुकद्मे किए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन को दबाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज झूठे मुकद्मे वापस लेने होंगे। जब तक मुकद्मे वापस नहीं होते धरना जारी रहेगा। पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि बीजेपी सरकार में जनता का शोषण हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जुल्म के खिलाफ कांग्रेस प्रत्येक स्तर पर संघर्ष करेगी। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि सरकार ने सभी हदें पार कर दी हैं। अब आमने सामने का संघर्ष है। पंचायत चुनाव में धांधली के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन होगा। विधायक रवि बहादुर और अनुपमा रावत ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। झूठे मुकद्मों का डर दिखाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल किया जा रहा है। गौरतलब है कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बृहष्पतिवार को बहादराबाद थाने पर धरने पर बैठ गयी थी।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail IS:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1825/ 20 ए0सी0 दिनांक 22/10/2022

अति अल्पकालीन ई–निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्न कार्य की ई–निविदा (सिंगल बिड) आमंत्रित की जाती हैं निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktender.gov.in पर दिनांक 05.11.2022 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता (दिन में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह) | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला योजना पूल्ड हाउस वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत टाईप–II क्वाटर नं0 1 से 17 व 20, 21, से 24 व 57 से 60 में विशेष मरम्मत का कार्य। | 120000.00 | 4000.00+18% GST | 90 | 03 | भवन कार्य हेतु श्रेणी-''डी'' एवं उच्चतर |
| 2 | जिला योजना पूल्ड हाउस वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत टाईप–II क्वाटर नं0 4 से 8 व 13 से 16, 17 से 20, 21 से 28 व टाईप– III सी0 उब्लाक क्वार्टर नं02 में विशेष मरम्मत का कार्य एवं टाईप–II क्वाटर 1 से 25 में क्षतिग्रस्त आंगन में टाईल्स का कार्य। | 100000.00 | 4000.00+18% GST | 90 | 03 | भवन कार्य हेतु श्रेणी-''डी'' एवं उच्चतर |

शर्तें

1– अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

(इं0 धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

# प्रियंका कब शामिल होंगी यात्रा में?



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 40 दिन से ज्यादा हो गए। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कई कई बार इस यात्रा में शामिल हो चुके। परंतु अभी तक प्रियंका गांधी वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हुई हैं। सोनिया गांधी की सेहत अच्छी नहीं थी इसके बावजूद वे कर्नाटक के मैसुरू में इस यात्रा का हिस्सा बनीं। प्रियंका के बारे में कहा जा रहा था कि वे सोनिया गांधी के बाद इस यात्रा में शामिल होंगी। सोनिया छह अक्टूबर को यात्रा का हिस्सा बनी थीं और उसके अगले दिन यानी सात अक्टूबर को प्रियंका के यात्रा में शामिल होने की खबर थी। फिर कहा गया कि वे 14 या 15 अक्टूबर को यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद खबर आई कि यात्रा के एक हजार किलोमीटर पूरे होने पर बेल्लारी में जो रैली होगी उसमें वे शामिल होंगी। लेकिन अभी तक वे यात्रा में हिस्सा लेने नहीं गई हैं।

**प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए कहा गया कि वे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव लड़वाएंगी। यह भी चर्चा रही कि सोनिया और राहुल गांधी दोनों की गैरहाजिरी में वे गुजरात और हिमाचल दोनों जगह चुनाव प्रचार का मुख्य चेहरा होंगी। लेकिन राहुल के यात्रा पर निकलने के बाद पिछले करीब डेढ़ महीने में प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एक रैली की है।**

प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए कहा गया कि वे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव लड़वाएंगी। यह भी चर्चा रही कि सोनिया और राहुल गांधी दोनों की गैरहाजिरी में वे गुजरात और हिमाचल दोनों जगह चुनाव प्रचार का मुख्य चेहरा होंगी। लेकिन राहुल के यात्रा पर निकलने के बाद पिछले करीब डेढ़ महीने में प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एक रैली की है। इसके अलावा वे किसी राजनीति कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। गुजरात में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अलग अलग तरीके से आमने सामने का मुकाबला बनवाया है लेकिन प्रियंका का कोई कार्यक्रम न हुआ है और न अगले कुछ दिन में प्रस्तावित है।

अब सवाल है कि ऐसा क्यों हो रहा है कि वे न तो भारत जोड़ो यात्रा में जा रही हैं और न दोनों चुनावी राज्यों में अपने को झोंक कर प्रचार कर रही हैं? जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी की टीम नहीं चाहती है कि अभी प्रियंका इस यात्रा का हिस्सा बनें। असल में दक्षिण भारत के राज्यों में कांग्रेस की इस यात्रा को बहुत शानदार रिस्पांस मिला है। तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक तीनों राज्यों में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों के साथ राहुल का कनेक्ट बना और वे लोगों के साथ सहज रूप से मिल रहे हैं, संवाद कर रहे हैं।

तभी उनकी टीम नहीं चाहती है कि उनके ऊपर से फोकस हटे। अगर प्रियंका गांधी वाड्रा यात्रा में शामिल होती हैं तो उनके ऊपर फोकस होगा। उनकी चर्चा होगी। हालांकि यह एक दो दिन की ही बात होगी क्योंकि प्रियंका अगर यात्रा में जाती भी हैं तो वे एक या दो दिन के लिए जाएंगी। पर राहुल की टीम और कांग्रेस के रणनीतिकार फिलहाल उसके लिए भी तैयार नहीं हैं। बताया जा रहा है कि अगर आंध्र प्रदेश या तेलंगाना में पार्टी की यात्रा को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला तो प्रियंका शामिल हो सकती हैं अन्यथा दक्षिण भारत से यात्रा के निकलने के बाद ही उनके इसका हिस्सा बनने की संभावना है।

# दुनिया का तीसरे महायुद्ध की दिशा में बढना शुरू!

**पांचवी बात, राष्ट्र सीमाओं के बजाय सभ्यताओं की लड़ाई। छठी बात, अहंकारी राजाओं, नस्ल, कौम व धर्म के धर्मयुद्ध तथा जेहादी भभकों के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तड़के बनेंगे। कह सकते हैं पिछले महायुद्ध के वक्त विचारधाराओं, साम्यवाद-पूंजीवाद-नात्सी विचारों की जो आग थी वह तीसरे महायुद्ध में नस्ल, धर्म, जेहाद से घी पाते हुए होगी। सातवीं बात, दुनिया क्योंकि भूमंडलीत हो गई है तो रणक्षेत्र का सेंटर केवल अकेले यूरोप का या दूसरे महायुद्ध जितना ही नहीं होगा, बल्कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र में ज्यादा घमासान होगा। आठवीं बात, ऐसा होने की मुख्य वजह चीन और शी जिनफिंग का कमांडर-इन-चीफ होना हैं। चीन एशिया को जीत कर प्रशांत क्षेत्र में जापान, आस्ट्रेलिया को पार करके अमेरिका की और टारगेट बनाता होगा।संभव है जो मेरा यह सिनेरियो कपोल कल्पित समझ आए। लेकिन इस बात को नोट रखें कि शी जिनफिंग अगले पांच वर्षों में पुतिन को जहां यूक्रेन के जरिए यूरोप से भिड़ांएंगे और उलझाए रखेंगे तो वहीं वे अपनी सैनिक ताकत से पहले ताइवान बनाम भारत के विकल्प में फैसला लेंगे।**

हरिशंकर व्यास

अक्टूबर 2022 मानव इतिहास में यादगार महीना होगा। खासकर यह सप्ताह। इसलिए क्योंकि बीजिंग में शी जिनफिंग के उस तीसरे कार्यकाल पर ठप्पा लग रहा है, जिसकी गूंज महासंग्राम का बिगुल है। चीन अगले पांच वर्षों में नई विश्व व्यवस्था बना कर दुनिया को अपनी ऊंगलियों पर नचाएगा। राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने अपने को जिस अंदाज में, जिन तौर-तरीकों से माओत्से तुंग, देंग शियाओ पिंग से भी बड़ा सुपर इतिहास नेता बनाया है वह विश्व संग्राम का लांच है। चीन और उसकी कम्युनिस्ट पार्टी, पीएलए याकि चाइनीज सेना, उसके आर्थिक पवर व 145 करोड़ लोगों की मानव ताकत उनका अंहकार है। ऊपर से दुनिया के कोई एक-तिहाई से ज्यादा गरीब, कर्जदार देशों को भी अपना पीछलग्गू बना लिया है। तभी अगला और अल्टीमेट मिशन सिर्फ और सिर्फ चीन की धुरी पर पृथ्वी को घूमाना है। शी जिन पिंग एक ऐसी नई विश्व व्यवस्था बनाएंगे, जिससे उसका वह प्राचीन वैभव बने जो कभी हान व मिंग वंश का था। जब चाइनीज सभ्यता-संसति दुनिया का मिडिल किंगडम माना जाता था। याद करें ऐसे ही तो हिटलर के सपने हुआ करते थे। हिटलर ने भी विकास के रथ की बुलेट ताकत बना लेने के बाद फिर अहंकार में सेना को दौड़ाया था ताकि जर्मनी की दुनिया पर एकछत्रता बने। दुश्मन नस्ल व धर्म के लोग खत्म हों।

किसी भी कोण, किसी भी पहलू से सोचें, वर्ष 2022 का अक्टूबर महीना भयावह दिशा बना रहा है। तीसरे महायुद्ध की वैश्विक खाइयां बनते हुए हैं। चाइनीज सभ्यता के बाशिंदों ने बीजिंग के पीपुल्स हल की कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में विश्वयुद्ध के कमांडर-इन-चीफ के रूतबे जैसे अंदाज में शी जिन पिंग की शान में तालियां बजाई। एक तरह से शी जिनफिंग के विजन और मकसद में देश की कुर्बानी तक पर ठप्पा। उधर रूस की राजधानी मस्को के क्रेमलिन में राष्ट्रपति पुतिन ने सेना के उस जनरल को यूक्रेन में लड़ाई की कमान दी है, जिसकी कुख्याती है कि लड़ाई को लड़ाई की तरह नहीं, बल्कि नरसंहार और विध्वंस के मकसद में लड़ो। नतीजतन पिछले सप्ताह मिसाइलों से यूक्रेन बुरी तरह दहला। तुरंत नाटो देशों के रक्षामंत्रियों, सेनापतियों ने ब्रुसेल्स में आपात बैठक की। बैठक के बाद सार्वजनिक ऐलान हुआ कि यूक्रेन को, आकाश में ही मिसाइल को भेद कर खत्म करने के नए हथियार देंगे। यूक्रेन को खत्म नहीं होने देंगे, हारने नहीं देंगे। हम अंधेरे में रह लेंगे, आर्थिक बरबादी सह लेंगे लेकिन रूस से गैस-तेल नहीं खरीदेंगे। उससे न तो कूटनीति होगी और न ही उसका यूक्रेन पर कब्जा होने देंगे!

आंकड़ें हैं, आखों से, कैमरे में रिकर्डेड विजुअल और वीडियो हैं कि यूक्रेन, रूस, यूरोप कैसे बरबाद होते हुए हैं मगर बावजूद इसके कोई कुछ नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र में बहस और वोटिंग हो रही है मगर कूटनीति की तनिक भी हलचल नहीं। भला कैसे हो सकती है? क्या रावण प्रवृत्ति के लोगों से कूटनीति संभव है? कोई 85 साल पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चेंबरलिन ने हिटलर के साथ कूटनीति करके लड़ाई टलने का विश्वास पाला था। रामजी का संदेश लेकर हनुमानजी भी श्रीलंका के अधिपति रावण को समझाने, उससे कूटनीति करने गए थे। महाभारत में





कौरवों, दुर्योधन को समझाने की भी कूटनीति हुई थी लेकिन रावण हो, दुर्योधन हो या इक्कीसवीं सदी के आधुनिक व्लादिमीर पुतिन और शी जिनफिंग, ये जब अपने को अहंकार व सर्वज्ञता में भगवान मान बैठते हैं, महादेव के आशीर्वाद से छप्पन इंची छाती का अधिपति समझने लगते हैं तो ऐसे में बेचारी कूटनीति, सरस्वती की वीणा-वाणी, समझने-समझाने की बुद्धि के लिए खोपड़ी में जगह कैसे होगी।

रावण और उसका अहंकार, फिर उससे पैदा रसायन की प्रवृत्तियों का यह इतिहास सत्य है जो हर काल, हर स्थान, हर इंसान लाल रंग का खूनी सैलाब बनता है। इसलिए कूटनीति से सफेद कबूतर उड़ाने, सफेद झंडा लेकर तानशाह अहंकारियों के आगे खड़ा होना हमेशा बेतमलब साबित हुआ है!

तभी तीसरे महायुद्ध की घड़ी आते हुए है। इसकी कालावधि का हिसाब वैसे ही लगाएं जैसे हिटलर और मुसोलिनी के उन्माद के चढ़ाव और उतार की अवधि थी। मोटा मोटी कह सकते हैं कि जब तक शी जिनफिंग और पुतिन जिंदा रहेंगे तब तक खून बहेगा। मानवता बेहाली, बरबादी और लड़ाई की खंदकों में मारी जाती रहेगी। भले इसके रूप अलग-अलग हो।

मतलब पहले और दूसरे महायुद्ध से कुछ अलग तरह का मगर ज्यादा घातक तीसरा महायुद्ध। क्यों? पहली बात, परमाणु हथियार की उपलब्धता। दूसरी बात, साइबर अटैक के नए हथियार। तीसरी बात, आर्थिक ताकत याकि महायुद्ध में पैसे की ताकत से खरीद-फरोख्त गुलाम बनाने के नए गुर। हां, शी जिनफिंग ने इसी हथियार से देशों को कर्जदार बना कर उन्हें अपने पर निर्भर बना कर लगभग अघोषित गुलाम-आश्रित बना दिया है। चौथी बात, मीडिया-सोशल मीडिया में प्रोपेगेंडा वर नया आकार-नए आयाम लिए हुए है। पांचवी बात, राष्ट्र सीमाओं के बजाय सभ्यताओं की लड़ाई। छठी बात, अहंकारी राजाओं, नस्ल, कौम व धर्म के धर्मयुद्ध तथा जेहादी भभकों के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तड़के बनेंगे। कह सकते हैं पिछले महायुद्ध के वक्त विचारधाराओं, साम्यवाद-पूंजीवाद-नात्सी विचारों की जो आग थी वह तीसरे महायुद्ध में नस्ल, धर्म, जेहाद से घी पाते हुए होगी। सातवीं बात, दुनिया क्योंकि भूमंडलीत हो गई है तो रणक्षेत्र का सेंटर केवल अकेले यूरोप का या दूसरे महायुद्ध जितना ही नहीं होगा, बल्कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र में ज्यादा घमासान होगा। आठवीं बात, ऐसा होने की मुख्य वजह चीन और शी जिनफिंग का कमांडर-इन-चीफ होना हैं। चीन एशिया को जीत कर प्रशांत क्षेत्र में जापान, आस्ट्रेलिया को पार करके अमेरिका की और टारगेट बनाता होगा।

संभव है जो मेरा यह सिनेरियो कपोल कल्पित समझ आए। लेकिन इस बात को नोट रखें कि शी जिनफिंग अगले पांच वर्षों में पुतिन को जहां यूक्रेन के जरिए यूरोप से भिड़ांएंगे और उलझाए रखेंगे तो वहीं वे अपनी सैनिक ताकत से पहले ताइवान बनाम भारत के विकल्प में फैसला लेंगे। यों दोनों उसके आसान और पुराने टारगेट हैं।

मगर ताइवान के पीटे क्योंकि अमेरिका और जापान है तो ताइवान में पीएलए सैनिकों को उतारने से तुरंत-सीधे विश्वयुद्ध की घोषणा का पंगा सभंव है जबकि भारत के अरुणाचल से ले कर भूटान, सिक्किम, नेपाल, उत्तराखंड, लद्दाख के हिमालयी इलाकों में यदि शी जिनफिंग अपने सैनिक बढ़ाएं तो अमेरिका और यूरोप चिंता करते हुए नहीं होंगे। नेपाल में सैनिक छावनी बना कर चीन अयोध्या के रामजी और काशी के बाबा विश्वनाथ के छोर तक पहुंच कर हिंदुओं और उनके मौजूदा भगवान नरेंद्र मोदी को बीजिंग बुलाकर दस्तखत करने के लिए कहे तो उसका पूरे एशिया पर जबरदस्त असर होगा। चीन की बेसिक-पहली रणनीति हिंदू-इस्लामी-अफ्रीकी आबादी को अपने अंगूठे के नीचे लेना है। तब अपने आप अमेरिका, यूरोप, जापान, अस्ट्रेलिया लाचार होंगे। उन्हें समझ नहीं आएगा कि करें तो क्या करें।

आप सोच रहे होंगे कि मैं कैसी बकवास लिख रहा हूं। हमारे छप्पन इंची छाती के नरेंद्र मोदी, हमारी महाशक्ति, हमारा परमाणु हथियारों का जखीरा, मोदीजी की विश्वगुरूता, रूस और अमेरिका में मोदीजी, डोवालजी, जयशंकरजी की जब डुगडुगी है तो शी जिनफिंग की तो आंख खोल कर भारत की तरफ देखने की हिम्मत भी नहीं है। फोटो में आपने देखा नहीं कि शी जिनफिंग अपने मोदीजी के सामने आंख नहीं खोलते। बेचारे की आंखें बंद रहती हैं।

मैं लिखते-लिखते व्यंग्य के मोड में आ गया हूं। दूसरे महायुद्ध का एक उदारहण बताता हूं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री अमन की उम्मीद में हिटलर से मिलने बर्लिन गए थे तो दोनों की मुलाकात के बाद ब्रितानी मीडिया तक में चेंबरलिन की तारीफों के पुल बंधे थे। लोगों ने माना हिटलर हमें छोड़े रखेगा। लेकिन हुआ क्या? तभी कोई माने या न माने पिछले 75 वर्षों में बीजिंग के सभी हुक्मरानों ने, माओ से लेकर शी जिनफिंग लगातार भारत के प्रति हिकारत लिए हुए हैं। ये चीनी नेता भारत को दुहने और खाने वाली गाय मानते हैं। ताइवान के बाद अरूणाचल से लद्दाख याकि पूरे हिमालय को अपना मानते आए हैं। बार-बार दावा करते रहे हैं, चेताते रहे हैं। इसलिए नोट रखें तीसरे महायुद्ध का अनिवार्यतरू रणक्षेत्र होगा हिमालय!

मैं मन से अपने ईश्वर से मौन प्रार्थना करते हुए हूं कि शी जिनफिंग का दिमाग, उनकी पीएलए सेना का टारगेट ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की तरफ हो। लेकिन अहंकारी तानाशाह की आंखें चारों दिशा में होती हैं। इसलिए होनी को कौन टाल सकता है? फिर हम हिंदूओं को क्या चिंता। यों भी भाग्य और नियति से जिंदा रहते हैं तो तीसरे महायुद्ध में भी रह लेंगे। नेहरूजी ने भी कहा था कि बंजर पठारों में रखा क्या है, घास भी नहीं उगती तो बाकि हिमालय पहाड़ों में व दूर के अरूणाचल में भी क्या रखा है। सबसे बड़ी बात- होइहे सोइ जो राम रचि राखा के मौजूदा संस्करण के होइहे सोइ जो मोदीजी रचि राखा में जब पूरा विश्वास है तो चिंता की क्या बात! आगे और गुलाम रह लेंगे!

# चीन की पार्टी कांग्रेस

ये बातें एक ध्रुवीय दुनिया की समाप्ति और दुनिया के दो खेमों में बंटने वर्तमान परिघटना की तरफ इशारा करती हैं। ऐसे में जिस तरह अमेरिकी चुनाव में दुनिया दिलचस्पी दिखाती है, कुछ-कुछ वैसा ही सीपीसी की 20वीं कांग्रेस के मौके पर देखने को मिला है, तो यह अस्वाभाविक नहीं है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की हर पांच साल पर होने वाली पार्टी कांग्रेस (महाधिवेशन) शुरू हुई है। इस बार इस आयोजन को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जैसी दिलचस्पी और कवरेज की व्यापकता दिखी है, वैसा शायद ही पहले कभी हुआ हो। इसका कारण संभवतरू चीन की दुनिया में बढ़ी हैसियत है। दूसरा कारण चीन और अमेरिका (या पश्चिमी देशों) का बढ़ा टकराव है। वैसे इस टकराव के पीटे भी असली कारण चीन की बढ़ी ताकत ही है, जिसे पश्चिमी देश दुनिया पर अपने वर्चस्व के लिए बड़ी चुनौती मान रहे हैं। पिछले हफ्ते अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन ने श्राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का दस्तावेज जारी किया, तो उसमें भी ये बात दो-टूक स्वीकार की गई कि अमेरिकी जीवन प्रणाली के लिए चीन सबसे बड़ी चुनौती बन कर उभरा है। इसमें इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया कि चीन अमेरिकी वर्चस्व को तोडने का इरादा रखता है और ऐसा करने के लिए जरूरी आर्थिक, सैनिक और तकनीकी ताकत वह तेजी से हासिल करता जा रहा है।

ये बातें एक ध्रुवीय दुनिया की समाप्ति और दुनिया के दो खेमों में बंटने वर्तमान परिघटना की तरफ इशारा करती हैं। ऐसे में

**रविवार को पार्टी कांग्रेस की शुरुआत करते हुए राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जो भाषण दिया, उसका तुरंत ही विशद विश्लेषण मीडिया और सोशल मीडिया में देखने को मिला। उसमें इस बात ने ध्यान खींचा कि चीन ने अमेरिका की तरफ से लगाए गए टेक्नेलजी प्रतिबंधों का मुकाबला करने एक खास रणनीति बनाई है। ये रणनीति किस हद तक कामयाब होगी, यह कहना अभी कठिन है। लेकिन आम अनुमान यही है कि देर-सबेर चीन प्रतिबंधों की काट ढूंढ लेगा।**

जिस तरह अमेरिकी चुनाव में दुनिया दिलचस्पी दिखाती है, कुछ-कुछ वैसा ही सीपीसी की 20वीं कांग्रेस के मौके पर देखने को मिला है, तो यह अस्वाभाविक नहीं है। रविवार को पार्टी कांग्रेस की शुरुआत करते हुए राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जो भाषण दिया, उसका तुरंत ही विशद विश्लेषण मीडिया और सोशल मीडिया में देखने को मिला। उसमें इस बात ने ध्यान खींचा कि चीन ने अमेरिका की तरफ से लगाए गए टेक्नेलजी प्रतिबंधों का मुकाबला करने एक खास रणनीति बनाई है। ये रणनीति किस हद तक कामयाब होगी, यह कहना अभी कठिन है। लेकिन आम अनुमान यही है कि देर-सबेर चीन प्रतिबंधों की काट ढूंढ लेगा। उसने ऐसा किया, तो यह अमेरिका के दुरूस्वप्न का साकार होना होगा। पार्टी कांग्रेस को संबोधित करते हुए शी जिनपिंग ने नीतिगत स्थिरता और दिशा का जो संकेत दिया, उससे निसंदेह पश्चिम की चिंताएं बढ़ेंगी।

# डॉलर और रुपया-कौन भारी

अजय दीक्षित

हाल ही में अमेरिका के केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में इजाफा किए जाने और मौद्रिक नीति को आगे और भी सख्त बनाए जाने के संकेत के साथ साथ 5 अक्टूबर को तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के द्वारा तेल उत्पादन में भारी कटौती पर जिस तरह सहमति व्यक्त की गई है, उससे 7 अक्टूबर को डलर के मुकाबले रुपया रिकर्ड निचले स्तर पर लुढककर 8233 पर पहुंच गया। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रुपए में यह सबसे बड़ी गिरावट है। स्थिति यह है कि अमेरिकी डलर के मुकाबले रुपये की ऐतिहासिक गिरावट के बाद कई भारतीय कंपनियां इससे बचने के लिए फरवर्ड कवर की कवायद में हैं, क्योंकि उन्हें चिन्ता है कि फेडरल रिजर्व के ताजा संकेत से इसी वर्ष 2022 में ब्याज दर में और इजाफा हो सकता है, जिससे डलर और मजबूत होगा। निश्चित रूप से रूस - यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन ताइवान के बीच तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बीच जिस तरह उससे डलर के मुकाबले रुपए की कीमत में बड़ी फिसलन से जहां इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। विदेशी मुद्रा भंडार 30 सितम्बर को दो साल के निचले स्तर पर घटकर 533 अरब डलर रह गया है। इतना ही नहीं महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं और बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। उर्वरक एवं कच्चे तेल के आयात बिल में बढ़ोतरी होगी। अधिकांश आयातित सामान महंगे हो जायेंगे। यद्यपि रुपए की कमजोरी से आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे विभिन्न उत्पादों के निर्यात की संभावनाएं बढ़ी हैं, लेकिन अधिकांश देशों में मंदी की लहर के कारण निर्यात की चुनौती दिखाई दे रही है। वस्तुतरू डलर के 1 मुकाबले रुपये के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में रुपये की तुलना में डलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है। वर्ष 2022 की शुरुआत ही संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) बार-बार बड़ी संख्या में भारतीय बाजारों से पैसा निकालते हुए दिखाई दिये हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के द्वारा अमेरिका में ब्याज दरें बहुत तेजी से बढ़ाई जा रही हैं। दुनिया के कई विकसित देशों के द्वारा भी ब्याज दरें तेजी से बढ़ाई जा रही हैं। ऐसे में भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने के इच्छुक निवेशक अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में अपने निवेश को ज्यादा लाभप्रद और सुरक्षित मानते हुए भारत की जगह अमेरिका व विकसित देशों में निवेश को प्राथमिकता भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डलर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब 85 फीसदी व्यापार डलर की मदद से होता है। साथ ही दुनिया के 39 फीसदी कर्ज डलर में दिए जाते हैं। इसके अलावा कुल डलर का करीब 65 फीसदी उपयोग अमेरिका के बाहर होता है। चूंकि भारत अपनी क्रूड आयल की करीब 80-85 फीसदी जरूरतों के लिए व्यापक रूप से आयात पर निर्भर है। रूस यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य कमोडिटीज की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत के द्वारा अधिक डलर खर्च करने पड़ रहे हैं। साथ ही देश में कोयला, उवर्रक, वनस्पति तेल, दवाई के कच्चे माल, केमिकल्स आदि का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में डलर की जरूरत और ज्यादा बढ़ गई है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रतिकूल होता जा रहा है। निरूसंदेह कमजोर होते रुपए की स्थिति से सरकार और रिजर्व बैंक दोनों चिन्तित हैं और इस चिन्ता को दूर करने के लिए यथोचित कदम भी उठा रहे हैं। रिजर्व बैंक ने रुपए में तेज उतार-चढ़ाव और अस्थिरता को कम करने के लिए यथोचित कदम उठाए हैं और आरबीआई द्वारा उठाए गए ऐसे कदमों से रुपए की तेज गिरावट को थामने में मदद मिली है। आरबीआई ने कहा है कि अब वह रुपये की विनिमय दर में तेज उतार-चढ़ाव की अनुमति नहीं देगा। आरबीआई का कहना है कि विदेशी मुद्रा भण्डार का उपयुक्त उपयोग रुपए की गिरावट को थामने में किया जायेगा। अब आरबीआई ने विदेशों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह देश की ओर बढ़ाने और रुपये में गिरावट को थामने, सरकारी बांड में विदेशी निवेश के मानदण्ड को उदार बनाने और कंपनियों के लिए विदेशी उधार सीमा में वृद्धि सहित कई उपायों की घोषणा की है। ऐसे उपायों से एफआईआई पर अनुकूल कुछ असर पड़ा है। इस समय रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए और अधिक उपायों की जरूरत है। इस समय डलर के खर्च में कमी और डलर की आवक बढ़ाने के रणनीतिक उपाय जरूरी हैं। अब रुपये में वैश्विक कारोबार बढ़ाने के मौके को मुाियों में लेना होगा। भारतीय 1 रिजर्व बैंक के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किये जाने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विगत 11 जुलाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा भारत व अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किए जाने संबंधी निर्णय के बाद इस समय डलर संकट का सामना कर रहे रूस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, ईरान, एशिया और अफ्रीका के साथ विदेशी व्यापार के लिए डलर के बजाय रुपए में भुगतान को बढ़ावा देने की नई संभावनाएं सामने खड़ी हुई दिखाई दे रही हैं। हाल ही में 7 सितंबर को वित्त मंत्रालय ने सभी हितधारकों के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित किया कि बैंकों के द्वारा दो व्यापारिक साझेदार देशों, की मुद्राओं की विनिमय दर बाजार आधारश पर निर्धारित की जायेगी।

# हिंदी के मार्ग में सौ-सौ रोड़े

वेद प्रताप वैदिक

इधर भोपाल में गृहमंत्री अमित शाह ने मेडिकल की तीन हिंदी किताबों का विमोचन किया, जो कि मेरी राय में बहुत ही महत्वपूर्ण एतिहासिक शुभारंभ है लेकिन उसके साथ ही दो विपरीत प्रवृत्तियां भी सामने आई हैं। पहली तो यह कि कुछ लोगों ने हिंदी में प्रकाशित उन पुस्तकों का मजाक उड़ाया है। उन्होंने एकाध पुस्तक के कुछ पृष्ठों को प्रसारित करके बताया कि अनुवादकों ने कैसे हिंदी पर अंग्रेजी शब्दों को थोप रखा है और जो नमूना वे फेसबुक और इंटरनेट पर प्रचारित कर रहे हैं, उसका मूल सार यह है कि वह हिंदी की किताब नहीं है बल्कि हिंदी लिपि में छपी अंग्रेजी की ही किताब है।वे जिस पृष्ठ को दिखा-दिखाकर यह बात कह रहे हैं, उसे देखकर उनकी बात ठीक भी लगती है। यह जो अनुवाद हुआ है, उसे मप्र के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य-शिक्षा मंत्री यदि हिंदी के कुछ विद्वानो को पहले दिखवा लेते तो ठीक रहता लेकिन यह भी सराहनीय है कि अंग्रेजी की पढ़ाई में डूबे हुए डाक्टरों ने कुछ न कुछ पहल इतने कम समय में कर ही डाली है।

यदि मप्र सरकार के नेता और अफसर थोड़ी सावधानी बरतते तो उनसे यह चूक नहीं होती। यही हाल भोपाल के अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय का हुआ है। अब से लगभग एक दशक पहले मेरे और सुदर्शनजी के आग्रह पर भोपाल में यह विश्वविद्यालय खोला गया था। उसके प्रथम स्थापना दिवस भाषण में मैंने बताया था कि यह विवि. देश का सर्वश्रेष्ठ विवि. बनकर कैसे दिखा सकता है। यह आक्सफोर्ड, केम्ब्रिज, कोलंबिया और हार्वर्ड से भी आगे कैसे निकल सकता है। लेकिन इस दिशा में वह आज तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सका है। किसी को कोई अफसोस नहीं है।

जरुरी है कि हिंदी में हम जो भी काम करें, वह अंग्रेजी से बेहतर हो। यदि बेहतर न हो सके तो आप उसे करते ही क्यों हैं? मप्र सरकार ने मेडिकल किताबें हिंदी में बनाने की जो पहल की है, उस पर दूसरी आपत्तियां जोरदार शब्दों में बंगाल और दक्षिण भारत से उठ रही हैं। इन प्रांतों के कई डाक्टरी और शैक्षणिक संगठनों ने बयान जारी करके कहा है कि अंग्रेजी की किताबों के हिंदी अनुवाद में अर्थ का अनर्थ हो जाता है। डाक्टरी के धंधे में यह अनर्थ रोगी के लिए जानलेवा सिद्ध हो सकता है।

यह तर्क कुछ हद तक ठीक है। इसका हल यह है कि हिंदी के मूलपाठ में या तो अंग्रेजी नामों को ज्यों का त्यों इस्तेमाल कर लिया जाए या कोष्ठकों में रख दिया जाए। जहां तक हिंदी माध्यम से पढ़े डाक्टरों के विदेश जाने का सवाल है, वे अंग्रेजी पर अपनी लार क्यों टपकाएँ? भारत में ही सेवा क्यों न करें? अंग्रेजी माध्यम से पढ़े डाक्टरों पर सारा पैसा और परिश्रम भारत का खर्च होता है और विदेशों में जाकर वे पैसा कमाने में जुट जाते हैं। यदि हमारे डाक्टर भारतीय भाषाओं के माध्यम से तैयार होंगे तो उनकी मौलिक बुद्धि भी विकसित होगी और वे देश के लोगों की सेवा भी ठीक से करेंगे। भारत में डाक्टरों की जो भयंकर कमी है, वह भी पूरी हो जाएगी।

## कोलकाता में 30 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ जब्त

**कोलकाता ,एजेंसी ।** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि उनके विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अधिकारियों ने कोलकाता के एक गोदाम से अफीम आधारित नशीला पदार्थ जब्त किया है।

इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान फैयाज आलम (55), मोहम्मद सुल्तान (39) और मोहम्मद कलीम (28) के रूप में हुई है। नगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब्त नशीले पदार्थ की मात्रा 3,600.7 किलोग्राम है, जिसका बाजार मूल्य करीब 30 करोड़ रुपये है।

इस साल 14 अक्टूबर को एसटीएफ ने झारखंड के रहने वाले नौसाद अंसारी को मध्य कोलकाता के एजेसी बोस रोड से 531 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था।अंसारी ने स्वीकार किया कि उसे यह काम झारखंड से मिला था। उसे कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके में आनंदपुर पुलिस स्टेशन के तहत गुलशन कलोनी में एक गोदाम में पहुंचाना था।

## 18 साल से वांटेड 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर रामप्रसाद चार सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

**रांची ,एजेंसी ।** झारखंड के पलामू जिले की पुलिस ने 18 साल से वांटेड 5 लाख के इनामी माओवादी नक्सली कमांडर रामप्रसाद यादव ने गिरफ्तार किया है। जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में छापामारी कर उसके चार सहयोगियों को पकड़ा गया है। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रामप्रसाद यादव माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर के ओहदे पर था। उसे संगठन में प्रसाद यादव, सुजीत, सुखाड़ी और भंडारी के नाम से भी जाना जाता था। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ 63 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सारे बड़े मामले वर्ष 2004 से लेकर 2013 के बीच दर्ज हुए थे। उसने ज्यादातर हिंसक और जानलेवा घटनाएं छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में अंजाम दी थी। चुनाव प्रचार गाड़ी पर फायरिंग, पुलिस पार्टी पर फायरिंग, पुलिस के साथ मुठभेड़, लेवी का पैसा नहीं देने के कारण क्रशर प्लांट से आगजनी, लठैया पिकेट को घेरकर पुलिस का हथियार लूटने, घर को बम से विस्फोट कर उड़ाने, दंपति सहित एक परिवार को जिंदा जला देने सहित कई नक्सली वारदातों में राम प्रसाद की संलिप्तता रही है।

एसपी ने दावा किया कि पलामू सहित आस-पास के जिलों और बिहार में नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान से उनके पांव उखड़ गए हैं।

राम प्रसाद यादव बिहार से भागकर छतरपुर इलाके में पहुंचा था और सुरक्षित ठिकाना ढूंढ रहा था। पुलिस ने उसके पास से बतौर लेवी वसूले गए 45 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। लेवी वसूलने में सहयोग करने के आरोप में पुलिस ने राम प्रसाद यादव के साले ष्णा यादव के अलावा परीखा यादव, महिला लालो देवी एवं समर्थक रामयाद यादव को गिरफ्तार किया है।

## दिवाली से पहले बुरी खबर, चक्रवाती तूफान देने वाला है दस्तक, इन राज्यों पर मंडरा रहा खतरा

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** उत्तरी अंडमान सागर पर बने कम दबाव के क्षेत्र के शनिवार को और बढ़ जाने के बाद 24 अक्टूबर तक इसके चक्रवात का रूप लेने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से लगभग 1,460 किलोमीटर दूर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में यह कम दबाव का क्षेत्र बना है।

# सात राज्यों के पायलट प्रोजेक्ट दिखाएंगे सड़क सुरक्षा की राह

## हाईवे के दुर्घटना वाले हिस्से किए जा रहे चिह्नित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाख कोशिशों के बावजूद सड़क दुर्घटनाएं और मौतों का आंकड़ा कम होता नहीं दिख रहा है, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने लगी है। लोग बेपरवाह हैं और नियम कानून को लागू करवाने वाली एजेंसियां निष्क्रिय।

दुर्घटनाओं को नियति माना जाना लगा है, लेकिन बहुत जल्द उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत सात राज्य और जोधपुर शहर राह दिखा सकते हैं। इन राज्यों में इंटरनेशनल रोड फेडरेशन और प्रदेश सरकार मिलकर निश्चित सड़क और निश्चित दूरी के बीच एक अभियान चला रही है।

इसमें क्रियान्वयन और जागरूकता को सौ प्रतिशत लागू करने की कोशिश हो रही है। रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि दुर्घटनाओं पर कितना काबू पाया जा सकता है। इसी तरह जोधपुर के एमबीएम विश्वविद्यालय के साथ मिलकर 2024 के अंत तक जोधपुर को ऐसा शहर बनाने का समझौता हुआ है, जिसमें वहां दुर्घटना से एक भी मौत न हो। संभव है कि अगले साल तक सरकार को सड़क सुरक्षा का प्रमाणित रोडमैप मिल जाए।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के अध्यक्ष केके कपिला ने बताया कि सात राज्यों केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से सात-आठ महीने पहले 100-150 किलोमीटर लंबी सड़क का ऐसा भाग बताने को कहा गया था, जहां सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं। राज्यों ने तत्काल उत्तर दिया और सहयोग का वादा भी किया। उसके बाद उन भागों पर नियम कायदों का सख्ती से पालन शुरू किया गया है।

इन राज्यों में उन हादसों को भी केस स्टडी के रूप में लिया गया है, जिनमें कार या अन्य छोटे वाहन भिड़ंत होने पर ट्रक,



टैंकर और कंटेनर जैसे बड़े वाहनों में नीचे घुस जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में छोटी गाड़ी में सवार लोगों की जान जाने की प्रबल आशंका रहती है।इसके मद्देनजर ही संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट में प्रविधान भी किया गया है कि अब जो भी नए बड़े वाहन कंपनियां बनाएंगी, उनमें ऐसे मजबूत गार्ड लगाए जाएं, ताकि छोटी गाडिघ्यां भीषण टक्कर के बाद भी उनमें घुस न पाएं। राज्यों से कहा गया है कि पुराने बड़े वाहनों में भी गार्ड लगवा दिए जाएं। ऐसा न करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाए।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन ने जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रोड सेफ्टी एंथम भी तैयार कराया है। इसे सभी भारतीय भाषाओं के साथ ही कुछ विदेशी भाषाओं में भी बनवाया गया है। इसके प्रारंभिक बोल हैं-सड़क पर सावधानी पहली प्राथमिकता है। सातों राज्यों में सड़क सुरक्षा का जो प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, उसका आधार 5-ई को ही बनाया गया है। इसमें इंजीनियरिंग आफ रोड, इंजीनियोरग आफ व्हीकल्स, एजुकेशन, एनफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर को शामिल किया गया है।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के अध्यक्ष ने जोर दिया है कि सड़क सुरक्षा में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना होगा।

राजमार्गों के पास ही ट्रामा सेंटर होने चाहिए। गंभीर रूप से घायलों को एयरलिफ्ट करने की सुविधा हो तो कई जानें बचाई जा सकती हैं। इन सात राज्यों के अभियान में एक अभिनव प्रयोग किया गया है। हाईवे किनारे दुकान-ढाबा आदि चलाने वालों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें फर्घ्स्ट एड किट उपलब्ध कराई जा रही है ताकि दुर्घटना में घायलों को घटनास्थल पर ही तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जा सके।

## ट्रंप के सहयोगी बैनन को 4 महीने जेल की हुई सजा

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष सलाहकार स्टीव बैनन को 6 जनवरी में यूएस कैपिटल में हुए दंगों की जांच कर रही कांग्रेस कमेटी के एक सम्मन का उल्लंघन करने के लिए वाशिंगटन डीसी की एक अदालत ने चार महीने जेल की सजा सुनाई।

लेकिन कोर्ट ने बैनन को तुरंत जेल की सजा शुरू करने का आदेश नहीं दिया। जबकि सजा के लिए किसी भी अपील का समाधान किया जाएगा। जिसे बैनन और उनकी कानूनी टीम ने कहा कि वह करेंगे।

बैनन कभी न कभी जेल भेजे गए ट्रम्प के पूर्व अधिकारियों की टीम में शामिल हैं। ट्रम्प ने लंबे समय तक सलाहकार रोजर स्टोन, एक बार के अभियान प्रबंधक पल मैनाफोर्ट और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल फ्लिन जैसे पद पर रहते हुए उनमें से कई को क्षमादान जारी किया था।

बैनन ने राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में सेवा देने के कुछ महीने बाद ही ट्रम्प व्हाइट हाउस छोड़ दिया था, लेकिन दोनों करीब रहे। उन्होंने 6 जनवरी को हाउस कमेटी द्वारा उन्हें जारी किए गए सम्मन की अवहेलना करने के लिए ट्रम्प के राष्ट्रपति के विशेषाधिकार के कवर का दावा किया था।

सुनवाई के दौरान बैनन चुपचाप बैठे रहे और कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने सजा सुनाई- चार महीने जेल और कांग्रेस की आपराधिक अवमानना के लिए 6,500 डलर। बैनन ने सजा के बाद अदालत के बाहर कहा, मैं न्यायाधीश का सम्मान करता हूं। आज उन्होंने जो सजा सुनाई, वह उनका फैसला है। मैं इस प्रक्रिया का पूरा सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास एक अपील प्रक्रिया होगी। मेरे पास एक महान कानूनी टीम है।

## राजस्थान में आठ रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाने का काम शुरु-वैष्णव

जयपुर ,एजेंसी (आरएनएस)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राजस्थान में रेलवे के विकास के लिए पहले से कई गुना ज्यादा पैसों का आवंटन किया गया हैं और योजना के तहत आठ रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाने का काम शुरु कर दिया गया हैं। वैष्णव ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में स्कूटी वितरण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में वर्ल्ड क्लास रेलवे सुविधा के तहत राजस्थान में योजना के प्रथम चरण में आठ रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास सुविधायुक्त करने के लिए टेंडर होकर काम शुरु हो गया हैं और सात और स्टेशनों का मास्टर प्लान तैयार हो रहा हैं और इनका भी जल्द काम शुरु किया जायेगा। इनमें कोटा, जयपुर, जयपुर का गांधीनगर, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, अजमेर, आबूरोड़ एवं पाली-मारवाड़, इस तरह एक-एक करके रेलवे स्टेशन जुड़ते जा रहे हैं और हर सपप्ताह एड होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन प्रधानमंत्री मोदी का अभियान हैं जिसमें इन रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए बड़ा निवेश हो रहा है और जयपुर स्टेशन पर 717 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसी तरह गांधीनगर स्टेशन पर 211 करोड़ एवं उदयपुर रेलवे स्टेशन पर 354 करोड़ का निवेश हो रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशनों के लिए जो टेंडर हो चुका हैं उसके लिए अब तक 2295 करोड़ की स्वीति हो चुकी हैं।

## देश में बढ़ रही गोलीबारी की घटनाएं, सरकार ने हैंडगन पर लगाया बैन-बाजार भी बंद

**टोरंटो ,एजेंसी।** कनाडा में हैंडगन की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कनाडा सरकार ने देश में बढ़ती हिंसा को देखते हुए यह फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा, हमने कनाडा में हैंडगन के बाजारों को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, हम देख रहे हैं कि देश में बंदूक के इस्तेमाल कर ज्यादा हिंसा हो रही हैं। हमारा दायित्व बनता है कि हम हिंसा को कम करें और कार्रवाई तेज करें। पीएम ट्रूडो ने मीडिया में यह बयान दिया है। उन्होंने कहा, कनाडा में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रहने और महसूस करना का पूरा अधिकार है।

# श्रीलंका ने राष्ट्रपति की शक्तियों को कम करने वाला संवैधानिक संशोधन पारित किया

**कोलंबो ,एजेंसी।** श्रीलंका की संसद ने 2/3 से अधिक बहुमत के साथ संविधान का 22वां संशोधन पारित कर दिया, जिसमें राष्ट्रपति की कुछ शक्तियों में कटौती की गई है।

सभी मुख्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अगुआई वाली सरकार के साथ गठबंधन दलों के साथ मिलकर मतदान किया, 225 सांसदों में से कुल 174 बनाने के पक्ष में। श्रीलंका के पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के केवल एक सांसद ने संशोधन के खिलाफ मतदान किया, जबकि पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की पार्टी के अधिकांश अन्य लोगों ने मतदान से परहेज किया जबकि अन्य अनुपस्थित रहे।

मुख्य विपक्ष, समागी जनाबलावेगया (यूनाइटेड पीपुल्स पावर), मुख्य तमिल पार्टी, तमिल नेशनल एलायंस और वामपंथी पार्टी जाथिका जनाबलावेगया (नेशनल पीपुल्स पावर) ने श्रीलंका की संसद में विपक्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए संशोधन के पक्ष में मतदान किया। पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एसएलपीपी और उसके मुख्य सहयोगी श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के अधिकांश नेताओं ने भी संशोधन के पक्ष में मतदान किया।संशोधन ने 19वें संशोधन की कुछ विशेषताओं को फिर से पेश किया जो सिरिसेना-विक्रमसिंघे संयुक्त सरकार के दौरान पारित किया गया था जिसने 2015 से 2019 तक देश पर शासन किया था।गोटबाया राजपक्षे, जिन्हें 2019 में 2ध्3 बहुमत के साथ राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था, ने 19वें संशोधन को पूरी तरह से बदलने और राष्ट्रपति को अधिक अधिकार देने वाले 20वें संशोधन को पेश किया। नया संशोधन विदेशी नागरिकों या दोहरी राष्ट्रीयता वाले लोगों को राजनीति में प्रवेश करने से रोकता है, एक ऐसा कदम जो पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के भाई और पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे को राजनीति में शामिल होने से रोकता है।22वें संशोधन को पारित करना श्रीलंका के लिए चल रहे आर्थिक संकट से बाहर आने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

संशोधन के लिए शुक्रवार के मतदान से पहले, न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे, जिन्होंने संविधान में 22वां संशोधन भी पेश किया, उन्होंने संसद को सूचित किया कि देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और जीएसपी प्लस व्यापार रियायतों का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त करने के लिए 22वें संशोधन को पारित करना महत्वपूर्ण है।\

# सांसों पर भारी पड़ेगा पटाखों का धुआं

**नई दिल्ली, एजेंसी**।दिल्ली में दिवाली के त्योहार पर पटाखे फोड़ने पर बैन है और लोगों को नियमों का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना भी देना पड़ेगा। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के कारण इन दिनों पहले से ही हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है। ऐसे में दीवाली में पटाखे जलाने से प्रदूषण ज्यादा बढ़ जाएगा, जो सेहत पर भारी पड़ सकता है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों व पहले से ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी (क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज), अस्थमा, ब्लड प्रेशर, हृदय की बीमारियों सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए यह घातक भी साबित हो सकता है। आकाश सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डा. अक्षय बुधराजा ने कहा कि पटाखे जलाने से सल्फर आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड जैसी जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं। इसके अलावा वातावरण में पीएम-10 और पीएम-25 का स्तर बढ़ जाता है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। केंसर व अंग



प्रत्यारोपण के मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। प्रदूषण भी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर करता है। इसे वजह से केंसर व अंग प्रत्यारोपण कराने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। डा. अक्षय ने कहा कि लंबे समय तक प्रदूषण से फेफड़े का केंसर भी होता है। वातावरण में जहरीली गैसें व प्रदूषक तत्व बढ़ने से एलर्जी होती है। इससे आंखों में जलन व त्वचा पर एलर्जी की समस्या हो सकती है।सांस की नली में संक्रमण वातावरण में मौजूद प्रदूषक तत्व व जहरीली गैसें सांस के जरिये शरीर में प्रवेश करने पर सांस की नली में संक्रमण हो सकता है। इस वजह से खांसी व सांस की नली में सिकुड़न होने पर सांस लेने में परेशानी हो सकती है।

पीएम-10 व पीएम-25 जैसे सूक्ष्म कण सांस के जरिये फेफड़े में पहुंचते हैं। इससे ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, अस्थमा के मरीजों की बीमारी बढ़ सकती है। इस वजह से अस्थमा का अटैक भी हो सकता है। जिन बच्चों को पहले से ब्रोंकाइटिस व अस्थमा की समस्या रहती है, उनकी बीमारी बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति में नेबुलाइज व आक्सीजन देने की जरूरत पढ़ सकती है।

पीएम-25 बहुत सूक्ष्म कण होने के कारण फेफड़े से होते हुए ब्लड में पहुंच जाता है। इस वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर व हृदय की बीमारी से पीड़ित पुराने मरीजों की समस्या बढ़ सकती है।हार्ट अटैकप्रदूषण के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज होने का खतरा रहता है। इससे हार्ट अटैक व लकवा का खतरा हो सकता है।

एम्स के रुमेटोलाजी विभाग की अध्यक्ष डा. उमा कुमार ने कहा कि अध्ययन में यह देखा गया है कि प्रदूषण बढ़ने पर शरीर में सूजन के लिए जिम्मेदार मार्कर बढ़ जाते हैं। इस वजह से गठिया के मरीजों का दर्द और परेशानी बढ़ जाती है। गठिया के बहुत मरीजों को फेफड़े व हृदय की बीमारी भी होती है। आतिशबाजी के कारण प्रदूषण बढ़ने पर उनकी सांस की परेशानी बढ़ सकती है। दिल्ली में पहले से ही प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। इस वजह से लोगों को स्वच्छ हवा नहीं मिल पाती। इसलिए लोगों को पटाखे नहीं जलाने चाहिए।

सुबह प्रदूषण अधिक रहने लगा है। इसलिए सांस व हृदय की बीमारियों से पीड़ित लोग सुबह में सैर न करें। प्रदूषण में सुबह की सैर खतरनाक साबित हो सकती है।दीवाली में आतिशबाजी के कारण हर साल हवा की गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में पहुंच जाती है। इसके बाद कई दिनों तक यह समस्या बनी रहती है। यदि संभव हो तो पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोग दिल्ली से बाहर ऐसी जगह पर चले जाएं, जहां आबादी कम है।

**--डा. अरविंद कुमार, संस्थापक, लंग केयर फाउंडेशन।**

## यूएस हाउस पैनल ने कैपिटल दंगे पर ट्रम्प को समन जारी किया

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी सदन की चयन समिति ने 2021 के कैपिटल दंगों की जांच कर रहे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक समन जारी किया है। 6 जनवरी, 2021 को हुई घटना और इसके कारणों की जांच से संबंधित साक्ष्य और दस्तावेज मांगने के लिए पैनल ने सर्वसम्मति से मतदान करने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह कदम उठाया।

ट्रम्प को समन में 4 नवंबर तक समिति को दस्तावेजों के उत्पादन की आवश्यकता होती है और 14 नवंबर को या उसके आसपास शुरू होने वाले बयान की गवाही के लिए उपस्थित होना चाहिए।समिति के अध्यक्ष बेनी थम्पसन और उपाध्यक्ष लिज चेनी ने एक पत्र में, ट्रम्प पर व्यक्तिगत रूप से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हेरफेर करने का आरोप लगाया।ट्रंप बार-बार समिति और उसके सदस्यों को आड़े हाथों ले चुके हैं। उन्होंने उन्हें समन जारी करने के लिए पैनल के वोट के समय पर भी सवाल उठाया है।6 जनवरी, 2021 को, ट्रम्प समर्थकों की एक बड़ी भीड़ ने वाशिंगटन, डीसी में कैपिटल पर धावा बोल दिया और 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणामों की पुष्टि के लिए कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को बाधित कर दिया।लगभग 140 पुलिस अधिकारियों पर हमला किया गया। अधिकारियों ने कम से कम पांच मौतों को तबाही से जोड़ा है।

# त्योहारों पर संभलकर करें खर्च, अपनाएं ये स्मार्ट तरीके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली पर लोग बड़ी संख्या नई चीजों को घर पर लेकर आते हैं। इसके कारण अधिक पैसा भी खर्च होता है। कई बार बजट कम होने के चलते गाड़ियां, इलेक्ट्रनिक या फिर कोई अन्य सामान लेने के लिए लोग ईएमआई का सहारा लेते हैं।

आज हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपके दिवाली या फिर किसी अन्य किसी समय लिए गए लोन का प्रबंधन करने में मदद करेगा। आइए जानते हैं..

अगर आप चाहते हैं कि आपका क्रेडिट स्क्रोर त्योहारी सीजन में लिए गए लोन के कारण कम न हो, तो फिर आपको समय पर अपनी ईएमआई का भुगतान करना चाहिए। चेक बाउंस, ईएमआई भुगतान में देरी जैसी किसी भी वजह से बचना चाहिए, जिससे आपके क्रेडिट स्कोर पर नकारात्मक असर पड़े।



आपको अपने क्रेडिट कार्ड के बिल का पूरा भुगतान करना चाहिए। अगर आप क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान करते समय मिनिमम पेमेंट का विकल्प चुनते हैं, तो आपका बिल अगले महीने के भुगतान के लिए चला जाता है और इस पर क्रेडिट कार्ड कंपनी की ओर से भारी ब्याज भी लगाया जाता है। इससे आपको बचना चाहिए।

अगर आपके एक अधिक लोन चल रहे हैं, तो फिर आपको अपने डेट के कंसोलिडेशन पर ध्यान देना चाहिए। संभव हो तो बैंकों से बातचीत करके सभी लोन को एक ही बैंक में एक खाते के तहत ले आना चाहिए, इससे लोन पर ब्याज को कम करने में मदद मिलती है।कंपनियों की ओर से केवल ब्याज दर के आधार पर दिए जाने वाले लोन की तुलना करना उचित नहीं होता है। उसके साथ प्रोसेसिंग फीस, पेमेंट की शर्तें और डिस्काउंट आदि की तुलना करनी चाहिए।

## तीसरी बार ताजपोशी से पहले जिनपिंग ने दिखाई ताकत

**बीजिंग ,एजेंसी।** चीन में कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस में शी जिनपिंग की तीसरी बार ताजपोशी के बीच एक बड़ा ड्रामा देखने को मिला। चीन के ग्रेट हल में समापन समारोह के दौरान पूर्व राष्ट्रपति हू जिनताओ को बीच से उठाकर बाहर कर दिया। इसका वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हू जिनताओ निकलना नहीं चाहते थे। लेकिन पूर्व राष्ट्रपति को सभी के सामने जबरदस्ती हाथ पकड़कर ग्रेट हल से निकाल दिया गया। अभी ये पता नहीं चल पाया है कि उन्हें बाहर क्यों निकाला गया, लेकिन इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। आपको बता दें कि हू जिनताओ 79 साल के हैं और उन्हें ग्रेट हल के आगे के सीट पर बैठाया गया था। उनके ठीक आगे शी जिनपिंग बैठे हुए थे।

## जेपी नड्डा और अमित शाह ने राजस्थान भाजपा नेताओं के साथ की बैठक

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार को घेरने और राज्य में पार्टी को एकजुट कर पुरजोर तरीके से चुनावी तैयारियों को लेकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की।

राजस्थान को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में बुलाई गई इस महत्वपूर्ण और बड़ी बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, विधान सभा में विपक्ष के नेता गुलाबचंद कटारिया, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया,प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश संगठन महासचिव चंद्रशेखर, ओम प्रकाश माथुर , प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित प्रदेश कोर कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित राजस्थान दौरे की तैयारियों के साथ-साथ गहलोत सरकार की चौथी वर्षगांठ पर कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए आक्रोश रैली की रूप-रेखा और रणनीति पर भी चर्चा की गई।

बैठक में एक बार फिर पार्टी आलाकमान की तरफ से राज्य के सभी नेताओं को आपसी गुटबाजी दूर कर एक साथ मिलकर अशोक गहलोत सरकार को घेरने और पार्टी की चुनावी रणनीति को जमीन पर उतारने की भी हिदायत दी गई।

कोर कमेटी की बैठक खत्म होने के बाद जेपी नड्डा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग से बैठक की। जेपी नड्डा, अमित शाह और राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के ज्यादातर सदस्यों के भाजपा मुख्यालय से रवाना हो जाने के बाद प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महासचिव और अन्य कई नेताओं की अलग से एक तीसरी बैठक भी हुई। इस बैठक में कोर कमेटी में लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन और आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई।

दरअसल, यह माना जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खडगे के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के बाद, कांग्रेस राजस्थान को लेकर बड़ा फैसला कर सकती है। कांग्रेस आलाकमान का फैसला अशोक गहलोत के पक्ष में हो या सचिन पायलट के पक्ष में , दोनों ही सूरतों में राजस्थान कांग्रेस में घमासान मचना तय माना जा रहा है ऐसे में भाजपा अपनी तैयारियों को लेकर कोई कोर-कसर नहीं छोडना चाहती है।

# ग्लेन फिलिप्स ने पकड़ा अविश्वसनीय कैच




नई दिल्ली, टी20 वर्ल्ड कप 2022 के मुख्य दौर के पहले ही मैच में डिफेंडिंग चैंपियन आस्ट्रेलिया को पिछले वर्ल्ड कप की उप–विजेता रही टीम न्यूजीलैंड के हाथों 89 रन से हार मिली। टीम ने फरवरी 2009 के बाद पहली बार सफेद गेंद के क्रिकेट में आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराने में सफलता हासिल की। इस मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 201 रनों का लक्ष्य रखा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम केवल 111 रन बनाकर आउट हो गई।

ग्लेन फिलिप्स ने लिया शानदार कैच

इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग, तीनों क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन की है। फील्डिंग की बात करें तो दूसरी पारी में नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने एक शानदार कैच पकड़ा।

दरअसल मिचेल सेंटनर की गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ने एक बड़ा शॉट खेला। गेंद को कैच करने के लिए ग्लेन फिलिप्स ने जबरदस्त दौड़ लगाई और गेंद को डाइव मारकर पकड़ लिया। गेंद स्वीपर कवर से काफी दूर थी लेकिन फिलिप्स डीप से भागे और खुद को गेंद की ओर झोंक दिया। इस कैच के वीडियो को आइसीसी ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिए साझा किया है। आइसीसी ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'सुपरमैन फिलिप्स!

## कोहली ने खोला राज, पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बताया रोहित शर्मा से होती है किस तरह की बातें

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेलने जा रही है। इस मैच में लगभग एक लाख दर्शकों के आने कि उम्मीद की जा रही है। अब पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने बताया कि रोहित शर्मा के साथ उनका रिश्ता किस तरह का है और उनके बीच किस तरह की बातें होती है। विराट कोहली ने कहा कि रोहित शर्मा और मेरे बीच सबसे ज्यादा ये बातें होती है कि हम किस तरह से बड़े टूर्नामेंट को जीत सकते हैं और फिर हमारी तैयारी और रणनीति उसी दिशा में होती है। जब से मैंने टीम में वापसी की ही टीम का वातावरण काफी अच्छा है। जब टीम में आपस में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा होती है तो आप टीम के लिए और ज्यादा अच्छा करने की कोशिश करते हैं। खेल को लेकर मेरी और रोहित की समझ और विजन एक जैसी ही है। हम हमेशा साथ मिलकर टीम की छोटी से छोटी कमियों को दूर करने की कोशिश करते हैं।

## बाबर आजम ने भारत को किया सावधान

# कहा– सूर्यकुमार समेत सबके खिलाफ हमने बनाई है रणनीति



मेलबर्न। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी–20 में शानदार फार्म में चल रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का कहना है कि वह किसी एक बल्लेबाज को ज्यादा महत्व नहीं देंगे और सभी खिलाड़ियों के लिए रणनीति बनाएंगे। बाबर आजम ने कहा कि हमारे पास सिर्फ सूर्यकुमार यादव के लिए ही नहीं, बल्कि हर भारतीय खिलाड़ी के लिए योजना है। हम आशा करते हैं कि अपनी रणनीति को सही से लागू कर सकें।' पाकिस्तानी कप्तान ने अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हुए शान मसूद के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने सभी टेस्ट पास कर लिए हैं। बाबर ने कहा, 'शान मसूद चोट से उबर गए हैं और उन्होंने सभी टेस्ट पास किए हैं। पिच पिछले दो दिन से कवर थी, लेकिन हमारे दिमाग में इस मैच को लेकर अंतिम एकादश तय है।' भारत के विरुद्ध मैच में वर्षा होने की संभावना है और ऐसा होने पर मैच छोटा भी हो सकता है। इसे लेकर बाबर ने कहा, 'मैच के दौरान जो भी स्थिति बनेगी, उसके लिए हम तैयार हैं, लेकिन प्रशंसक की दृष्टि से देखें तो पूरा मैच होना बेहतर होगा।' वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मैं अंतिम एकादश को लेकर विकल्प खुले रखना चाहता हूं। हम अंतिम एकादश चुनने का एक ही तरीका नहीं रखना चाहते। हम इसे लेकर खुला रवैया रखना चाहते हैं। हर मैच में एक या दो खिलाड़ी बदलने भी पड़े तो हम इसके लिए तैयार हैं। हमने इसी तरह सभी खिलाड़ियों को तैयार किया है। यहां आने से काफी पहले यह संदेश दिया जा चुका है कि हालात के अनुरूप मैच अप के लिए एक या दो खिलाड़ियों को बदलना पड़ा तो हम उसके लिये तैयार हैं।उन्होंने कहा, 'कई बार आपको लगता है कि यह गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उसे बदलना नहीं चाहिए। दूसरी ओर मैच अप पर भी ध्यान देना है तो दोनों विकल्प पर गौर करना होगा। मैच के दिन जो 11 खिलाड़ी हमें सही लगते हैं, उन्हें ही लेकर उतरेंगे। हमने काफी आंकड़ों का भी विश्लेषण किया है कि इस समय आस्ट्रेलिया में सफलता किस तरह से मिल सकती है।' रोहित ने कहा, 'यह सही है कि हमने नौ साल से आइसीसी ट्राफी और इस स्तर के टूर्नामेंट में सफलता हासिल नहीं की है। यह हमारे खिलाड़ियों के दिमाग में है, लेकिन इसके बारे में सोचने से ज्यादा जरूरी यह है कि हम उस काम को करे जो हमारे हाथ में है। मेरा व्यक्तिगत विश्वास है कि अगर आप अतीत के बारे में बहुत अधिक सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आप वर्तमान पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

ऐसे में वर्तमान पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है।'




# इंग्लैंड ने पहले ही मैच में मारी बाजी, अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया



नई दिल्ली, टी20 वर्ल्ड कप 2022 के 14वें मुकाबले में इंग्लैंड की टीम का सामना अफगानिस्तान के साथ पर्थ के मैदान पर हुआ। इस मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन पर अपने सारे विकेट गंवा दिया। अफगानिस्तान की पारी को इतने कम पर पर समेटने में सैम कुर्रन की बड़ी भूमिका रही जिन्होंने 5 विकेट लिए। इंग्लैंड को जीत के लिए 113 रन का लक्ष्य मिला और इस टीम ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 113 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज कर ली। इस मैच में जीत दर्ज करने के साथ ही इंग्लैंड टीम को दो अंक हासिल हो गए। सैम कुर्रन को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब दिया गया।

**इंग्लैंड की पारी, पहले ही मैच में मिली जीत**

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर एलेक्स हेल्स के साथ पारी की शुरुआत करने आए, लेकिन वो 18 गेंदों पर 18 रन बनाकर कैच आउट हो गए। बटलर के बाद एलेक्स हेल्स 19 रन बनाकर आउट हो गए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट बेन स्टोक्स के रूप में गिरा जिन्हें कप्तान मो. नबी ने 2 रन पर बोल्ड कर दिया। डेविड मलान 18 रन बनाकर मुजीब की गेंद पर नबी के हाथों कैच आउट हो गए। हैरी ब्रुक को राशिद खान ने 7 रन पर कैच आउट करवा दिया। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन ने नाबाद 29 रन जबकि मोइन अली ने नाबाद 7 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

**अफगानिस्तान की पारी, बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन**

अफगानिस्तान का पहला विकेट तब गिरा जब टीम का स्कोर महज 11 रन था। इस टीम के ओपनर बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज को मार्क वुड ने 10 रन के स्कोर पर मार्क वुड के हाथों कैच आउट करवा दिया।

## फिल्मी गपशप

# आज क्षेत्रीय सिनेमा का परिदृश्य काफी बदल गया है : तेजस्वी प्रकाश



बिग बॉस 15 फेम तेजस्वी प्रकाश मराठी सिनेमा में फिल्म मन कस्तूरी रे से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 29 वर्षीय अभिनेत्री ने क्षेत्रीय सिनेमा के बारे में बात की और बताया कि कैसे निर्माता अधिक बोल्ड और यथार्थवादी कंटेंट लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज क्षेत्रीय सिनेमा परिध्श्य काफी बदल गया है। निर्माता अधिक प्रयोगात्मक हैं और कंटेंट के मामले में साहसिक कदम उठा रहे हैं। मैं अपने प्रशंसकों के इस फिल्म को देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं.तेजस्वी ने खतरों के खिलाड़ी 10 जैसे रियलिटी शो में भाग लेकर टीवी उद्योग में अपनी पहचान बनाई थी। उन्हें टीवी धारावाहिक रिश्ता लिखेंगे हम नया में दीया सिंह या कर्ण संगिनी में उरुवी के रूप में उनकी भूमिका के लिए भी याद किया जाता है, और वर्तमान में अभिनेत्री नागिन 6 में प्रथा गुजराल के रूप में देखी जा सकती है.बिग बॉस 15 में उनके कार्यकाल के बाद, करण कुंद्रा के साथ तेजस्वी की केमिस्ट्री शहर में चर्चा का विषय बन गई है और युगल अपने पोस्ट और रीलों के लिए सभी का ध्यान खींच रहे हैं। अब जब वह एक मराठी फिल्म का हिस्सा बनकर एक नया सफर शुरू करने जा रही हैं, तो अभिनेत्री ने कहा कि एक महाराष्ट्रियन होने के नाते उनके लिए यह प्रोजेक्ट लेना सही है और वह इससे अच्छी तरह जुड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, मैं मराठी फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूं। खुद एक महाराष्ट्रियन होने के नाते, ह्यमन कस्तूरी रेह्न में काम करना सही लगा, क्योंकि यह मेरे लिए एक यादगार पल था।



## अभिषेक बच्चन की ब्रीद सीजन 3 में दिखेगा सस्पेंस का डोज, रिलीज डेट आई सामने



बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और अमित साध की फेमस वेब सीरीज ब्रीद सीजन 3 का ऐलान हो चुका है. ब्रीद न द शो शैडो का फर्स्ट लुक सामने आया है. पोस्टर के साथ वेब सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है. ब्रीद 3 सस्पेंस से भरपूर थ्रिलर वेब सीरीज आप जल्द ही ओटीटी पर देख पाएंगे.अमित साध और अभिषेक बच्चन ने इंस्टाग्राम पर ब्रीद सीजन 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है. सोशल मीडिया पर शेयर पोस्टर में आप साफ देखते हैं कि सीजन 3 में सस्पेंश का हाई लेवल देखने को मिलेगा. पोस्टर में अभिषेक बच्चन नजर आ रहे हैं. अभिषेक बच्चन और अमित साध की ब्रीद को दोनों सीजन को काफी पसंद किया गया है. दोनों सीजन की सफलता के बाद मेकर्स फैंस के लिए सीजन 3 लेकर आए हैं. साल 2020 में ब्रीद इन टू शैडो का दूसरा सीजन रिलीज हुआ था. सीजन 2 में अभिषेक बच्चन ने एक्टर आर माधवन को रिप्लेस किया है. सीजन 2 में अभिषेक की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया था.पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने ब्रीद सीजन 3 के रिलीज डेट का खुलासा किया है. बता दें कि सीजन 3 की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग 9 नवंबर 2022 कोअमेजन प्राइम वीडियो पर होगी.

## लगातार बढ़ रही है अवनीत कौर की बोल्डनेस, बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



टीवी के बाद बॉलीवुड की ओर रुख करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. वह अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज की वजह से हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं. ऐसे में अवनीत इंडस्ट्री में अपनी अलग ही पहचान रखती हैं. उन्होंने मजह 20 साल की उम्र में इंडस्ट्री में वो मुकाम हासिल किया है, जिसके लिए किसी भी हस्ती को सालों–साल मेहनत करनी पड़ती है.अवनीत इन दिनों अपने बॉलीवुड में डेब्यू के लिए भी तैयार हैं. हालांकि इससे पहले वह अपने बोल्ड लुक्स के कारण सुर्खियों में रहने लगी हैं. वहीं, दूसरी ओर अवनीत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ अपने नए लुक्स शेयर करती रहती हैं. अब फिर से अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है.इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में अवनीत को पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस पहने देखा जा सकता है. उन्होंने इस लुक को न्यूड मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है.

इसके साथ अवनीत ने कानों में गोल्डन ईयररिंग्स पहने हुए हैं. यहां वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई अलग–अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस लुक में अवनीत काफी हॉट लग रही हैं.

अब अवनीत की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. फैंस उनके इस लुक की तारीफें करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें कई टीवी शोज और म्यूजिक वीडियोज में पहले ही देखा जा चुका है.

## चिरंजीवी, रवि तेजा की मेगा154 की डबिंग का काम शुरू

इंडस्ट्री के सूत्रों की माने तो मेगास्टार चिरंजीवी की आने वाली फिल्म के लिए डबिंग शुरू हो गई है, जिसे अस्थायी रूप से मेगा 154 कहा जा रहा है, जबकि शूटिंग अभी भी जारी है। निर्देशक बॉबी (केएस रवींद्र) के निर्देशन में बनी इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है.उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि टीम फिल्म में एक महत्वपूर्ण एक्शन सीच्ंस तैयार कर रही है जिसमें रवि तेजा एक शक्तिशाली और लंबी भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि फिल्म को 2023 में संक्रांति के लिए रिलीज करने के लिए निर्धारित किया गया है और शेड्यूल के अनुसार काम चल रहा है। उसी के मुताबिक टीम ने डबिंग शुरू कर दी है। श्रुति हासन फिल्म में चिरंजीवी के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो सभी व्यावसायिक सामग्रियों से भरपूर एक बड़े पैमाने पर एक्शन एंटरटेनर है। नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जबकि जीके मोहन सह–निर्माता हैं। मेगा154 में देवी श्री प्रसाद का संगीत है, जबकि आर्थर





ए विल्सन इसका छायांकन संभाल रहे हैं। निरंजन देवरामन संपादक हैं और एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com